हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026




सूर्यकांत राठौर
सभापति, नगर निगम रायपुर
नंदकिशोर साहू
पार्षद -यतियतन लाल वार्ड क्र.4, भनपुरी
MIC सदस्य-नगर निगम रायपुर
राजेश देवांगन
पार्षद -कन्हैया लाल बाजारी वार्ड क्र.15, गुढ़ियारी
सोहन साहू
पार्षद -बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.18
परमिला बल्ला साहू
पार्षद -ठक्कर बाबा वार्ड क्र.17
श्रीमती मीनल चौबे
महापौर, नगर निगम रायपुर
डॉ. मनमोहन मनहरे
पार्षद -संत कबीर दास वार्ड क्र.3
अम्बिका साहू
पार्षद -बंजारी माता वार्ड क्र.5, भनपुरी
श्रीमती गोदावरी गज्जू साहू
पूर्व पार्षद
जीवेत शरदः शतम्
जननायक, कर्मवीर, रायपुर पश्चिम
के लोकप्रिय विधायक माननीय
श्री राजेश मूणत जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
28 अप्रैल
मा. राजेश मूणत
विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री
रायपुर पश्चिम विधानसभा
गज्जू साहू
पार्षद - वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16 खमतराई एवं
जोन अध्यक्ष-जोन क्र. 01 नगर पालिक निगम रायपुर
उपाध्यक्ष - छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज रायपुर परिक्षेत्र
विनीत : भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्तागण

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिली नई जिम्मेदारी

**अभनपुर।** रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस संगठन में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। पार्टी की वरिष्ठता और कार्यक्षमता को देखते हुए संगठन में उन्हें उचित स्थान दिया गया है, जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस रायपुर जिला ग्रामीण संगठन मे उपाध्यक्ष सुनील कौशल, धनराज मध्यानी, राजू शर्मा, रायपुर जिला महामंत्री बलविंदर गांधी, सौरभ शर्मा, जिला सचिव विमल साहू, रूपेश धुरव,नंद कुमार साहू, मनमोहन कुर्रे आदि वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को जिले मे पर्याप्त स्थान मिलने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैंज व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष धनेन्द्र साहू, रायपुर जिलाध्यक्ष पप्पू बंजारे को क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने धन्यवाद प्रेषित किया है। बलविंदर गांधी वर्तमान मे नगर पालिका उपाध्यक्ष के पद पर है वही ग्राम बेन्द्री के विमल साहू पूर्व मे सरपंच व संगठन के विभिन्न दायित्वो का निवर्हन कर चुके है। सभी व्यक्तियो को वरिष्ठता के आधार दायित्व प्रदान किया गया है। उनकी नियुक्ति पर विद्याभूषण सोनवानी, पार्षद रानू राठी, नीलकमल गिलहरे, दीक्षा राठी, बीरेन्द्र सिन्हा, पार्थ वैष्णव, बीरबल टंडन, चन्द्रहास साहू, बालमुकुंद साहू, मनदीप गांधी, शैलेन्द्र यादव, डोमेन्द्र साहू, जीत गांधी, गिरधारी साहू, शशि साहू, किरण साहू, निमा निम्बेकर, घासुराम साहू, योगेश राठी, शशि शर्मा, रॉबिन एंथोनी, हिम्मत सिंग, इन्द्रदेव प्रसाद, सुमित तंबोली, मनीष गुप्ता आदि प्रमुख लोगों ने नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित किया है।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन ईश्वरी बाई के पति प्यारेलाल डहरिया निवासी ग्राम गबौद तहसील पलारी की मृत्यु सर्पदंश के कारण हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### नपा में नेता प्रतिपक्ष बने अजय ठाकुर

**भाटापारा।** नगरपालिका परिषद भाटापारा के कांग्रेस पार्षद अजय ठाकुर को नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पत्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैंदू ने जारी किया है। उक्त नियुक्ति पत्र नगरपालिका के मुख्यनगरपालिका अधिकारी को भेजा गया है, इसके अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं नगरपालिका के अध्यक्ष को उनकी नियुक्ति से अवगत कराया गया है।

### तालाबों को भरने छोड़ा गया पानी खेतों में व्यर्थ बह रहा

**मुंडा।** गर्मी के दिनों में तालाब को भरने गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया है। गंगरेल बांध से छोड़े गए पानी से आसपास के गांव के तालाबों को भरा जा चुका है और कई गांवों तालाबों को भरने के लिए ग्रामीण जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। वहीं नहर में लगे कुलपा खुला होने के चलते तालाबों की जगह खेतों में व्यर्थ पानी बह रहा है। मुंडा के आसपास बरदा ढनढनी जुड़ा पैजनी गांव तक नहर का पानी पहुंच गया है।

## निधन

### फगनी साहू

**आरंग।** ग्राम कुकरा निवासी फगनी बाई साहू की सोमवार को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थी। वे पवन साहू व केदार साहू की माँ थी। उनके निधन पर ग्रामीणों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतात्मा को श्रद्धांजली दी।



# भजन-कीर्तन करते निकाली गौ सम्मान पदयात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

## गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने 10 हजार हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन सौंपा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

दानवीर मोरध्वज की पावन नगरी आरंग में सोमवार को गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत भव्य गौ सम्मान पदयात्रा का आयोजन हुआ। चिलचिलाती धूप के बावजूद गौभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरा नगर "गौ माता की जय" के जयघोष से गूंज उठा। श्री सार्वजनिक नवदुर्गा मंदिर परिसर से सुबह लगभग 11:30 बजे भजन-कीर्तन के साथ पदयात्रा की शुरुआत हुई।

श्रद्धालु पूरे मार्ग में भक्ति भाव से सराबोर नजर आए और यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। जगह-जगह लोगों ने पदयात्रा का स्वागत किया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

इस पदयात्रा के माध्यम से गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गौवंश की रक्षा के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाने, देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा प्रत्येक राज्य में चारागाह की व्यवस्था सुनिश्चित करने जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं।तहसील कार्यालय पहुंचकर गौभक्तों ने तहसीलदार ज्योति मासियारे को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम लगभग 10 हजार लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन गौ संरक्षण के समर्थन में जनभावना का बड़ा प्रतीक बनकर सामने आया।



### मठा व पेयजल बांटे

पदयात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने सेवा भाव दिखाते हुए श्रद्धालुओं के लिए मठा और पेयजल की व्यवस्था की। साथ ही गौ प्रसादी के रूप में खिचड़ी का वितरण भी किया गया, जिससे पूरे आयोजन में सेवा और श्रद्धा का सुंदर संगम देखने को मिला।आरंग नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में गौभक्त इस अभियान में शामिल हुए। लखौली से एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस अभियान के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाया। यह पदयात्रा न केवल आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि समाज की एकजुटता और गौ संरक्षण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का भी संदेश दे गई।

## मौसम के तल्ख तेवर सेहत के लिए खतरनाक, रहे सावधान

# मौसम का मिजाज बदला सुबह बदली, दोपहर तेज गर्मी, शाम को बारिश एवं रात में उमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



प्रदेश के साथ तिल्दा-नेवरा शहर में भी मौसम के तेवर लगातार तल्ख बने हुए हैं। सोमवार को तिल्दा-नेवरा में कुदरत के चार अलग-अलग रंग देखने को मिले, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह की शुरुआत बादलों से घिरे आसमान के साथ हुई। लोगों को उम्मीद थी कि दिनभर गर्मी से राहत मिलेगी, लेकिन दोपहर होते-होते सूरज ने तेवर दिखाए और तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया।

दोपहर की तपिश के बाद शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में काले बादल छा गए, तेज हवाएं चलीं और करीब 20 मिनट तक हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश से कुछ देर के लिए गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन इसके बाद उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। रात करीब 8:30 बजे एक बार फिर तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। हालांकि बारिश के बाद हवाओं में थोड़ी ठंडक आई, लेकिन जमीन की गर्मी के कारण उमस बढ़ गई और लोग पसीने से तरबतर नजर आए। पिछले चार-पांच दिनों से तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच बना हुआ है। वहीं रात का तापमान भी 28 से 29 डिग्री दर्ज किया जा रहा है, जिससे राहत नहीं मिल पा रही।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष सिंह के अनुसार, गर्मी के चलते मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और पर्याप्त पानी पीते रहें। मौसम विभाग ने भी संकेत दिए हैं कि बुधवार तक हीट वेव जैसी स्थिति बनी रह सकती है। समाचार लिखे जाने तक आसमान में बादल छाए हुए थे और रुक-रुक कर गरज के साथ मौसम बदलता नजर आ रहा था।

# दो दिनों से लापता युवक का शव सड़क किनारे मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम भींभौरी में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने गांव के बाहर सड़क किनारे एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर पता चला कि व्यक्ति की मौत हो चुकी है। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची पंचनामा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, सुबह ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए निकले थे, तभी गांव के बाहर सड़क किनारे एक व्यक्ति को पड़ा हुआ देखा।ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र लगभग 35 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसके पास से कोई भी पहचान संबंधी दस्तावेज या मोबाइल फोन बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी । पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर आसपास के गांवों व थानों में सूचना भेजी गई , ताकि गुमशुदगी की रिपोर्ट से मिलान किया जा सके।फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हत्या का है या सामान्य मौत। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मृतक की पहचान नेवरा निवासी शत्रुघन निषाद की रूप में हुई है। उनकी दिमागी हालत ठीक नही थी।

### गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग पर सेवकों ने किया भजन-कीर्तन

**कूंरा ।** 27 अप्रैल को 'गौ सम्मान आव्हान अभियान दिवस' के अवसर पर धरसीवां तहसील में गौभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गौमाता के सम्मान, सेवा और सुरक्षा के संकल्प के साथ मुक्तेश्वर शिव मंदिर चरौदा में विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात भजन कीर्तन के साथ तहसील कार्यालय निकले जिसमें क्षेत्र के हजारों गौभक्तों ने एकजुट होकर गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने हेतु हुंकार भरी।

**भारी संख्या में जुटे गौभक्त :** अभियान के तहत धरसीवां तहसील कार्यालय में भारी संख्या में गौभक्तों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौवंश के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना और उन्हें राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में मान्यता दिलाना था। उपस्थित जनसमूह ने /"गौमाता की जय/" और गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करो के नारों के साथ पूरे परिसर को भक्तिमय कर दिया।

**प्रार्थना पत्र के माध्यम से उठाई मांग :** अभियान के दौरान धरसीवां तहसीलदार के माध्यम से देश के महामहिम राष्ट्रपति, यशस्वी प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम एक औपचारिक प्रार्थना पत्र सौंपा गया। इस ज्ञापन में प्रमुख रूप से निम्नलिखित मांगें रखी गई हैं:

गौमाता को तत्काल प्रभाव से 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिया जाए।

सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गौवंश के लिए उचित संरक्षण और चारे की व्यवस्था सुनिश्चित हो इस अवसर पर वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि गौमाता केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। उन्हें राष्ट्रमाता का सम्मान मिलना हर भारतीय की आस्था का विषय है। धरसीवां तहसील के कोने-कोने से आए युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने इस अभियान को अपना पूर्ण समर्थन दिया और भविष्य में भी गौसेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# बिजली कटौती से सिंचाई बाधित फसलें हो रही खराब, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा

धरसींवा ब्लॉक के किसानों के सामने इस समय एक गंभीर और चिंताजनक स्थिति उत्पन्न हो गई है। अटल ज्योति योजना के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन भीषण गर्मी के इस दौर में लगातार हो रही बिजली कटौती ने खेती-किसानी को गहरे संकट में डाल दिया है। खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की आवश्यकता है, और ऐसे समय में बिजली बाधित होने से किसानों की फसल को भारी नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

> ■ आगामी 20-25 दिनों तक बिजली कटौती को पूर्णत: रोकी जाए

इसी गंभीर परिस्थिति को देखते हुए सोमवार को धरसींवा ब्लॉक के किसानों ने एकजुट होकर रायपुर कलेक्टर एवं सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी गई कि आगामी 20 से 25 दिनों तक बिजली कटौती को पूर्णतः रोका जाए और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि खेतों की सिंचाई सुचारू रूप से हो सके और खड़ी फसल सुरक्षित रह सके।

किसानों के साथ चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल ने इस विषय को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि जब अटल ज्योति योजना किसानों को लाभ देने के लिए बनाई गई है, तो ऐसे महत्वपूर्ण समय में बिजली कटौती पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर से सीधे तौर पर किसानों की मांगों पर तत्काल निर्णय लेने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से धरसींवा की पूर्व विधायक श्रीमती अनीता शर्मा की उपस्थिति रही। उन्होंने स्पष्ट रूप से प्रशासन से मांग की कि किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया, तो लगभग 90% तक फसल को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर आघात पड़ेगा। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख किसान साथियों में राजू वर्मा, रोशन नारायण बघेल, सुनील बंजारे, दीपक बघेल, धर्मराज ध्रुव, राजू ध्रुव, दुलार वर्मा, धनश्याम वर्मा, हीरालाल वर्मा, टेकन वर्मा, भुवनेन्द्र वर्मा, संतोष साहू, सतीश वर्मा, सम्पत बघेल, निरिखलाल बघेल, अवधेश बघेल, रामकुमार वर्मा, केशरी निषाद, सुरेश ध्रुव एवं उमेश चेलक सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि इस गंभीर विषय पर संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल प्रभाव से बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए और अन्नदाता के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

# सासाहोली स्कूल में बायो और कॉमर्स के नतीजे शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



तिल्दा के ससाहोली शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9 वीं और 11 वीं का सोमवार को परिणाम घोषित किया गया. कक्षा 11वीं का विषयवार परिणाम कक्षा 11वीं में बायो और कॉमर्स समूह का परीक्षा परिणाम 100% रहा।जबकि आर्ट्स समूह का परीक्षा परिणाम 93% रहा। हलाकि कक्षा 9 वीं का परीक्षा परिणाम काफी कमजोर मात्र 50% रहा।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा की अध्य. पार्षद श्रीमती रानी जैन द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कारप्रदान कर सभी का मुंह मीठा कराया और सभी को शुभकामनाए दी . रानी सौरभ जैन ने कहा, बच्चों की यह सफलता उनकी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का नतीजा है। 11वीं में बायो और कॉमर्स का 100% रिजल्ट गर्व की बात है। कक्षा 9वीं के परिणाम को बेहतर करने के लिए शिक्षकों के साथ मिलकर योजना बनाएंगे।

भाजपा नेता सौरभ जैन ने विद्यालय के शानदार परिणाम पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा, शासकीय स्कूल के बच्चों ने 100% परिणाम देकर साबित कर दिया कि सरकारी विद्यालयों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई शिक्षा नीति और राज्य सरकार की बेहतर योजनाओं का असर है। बायो और कॉमर्स में 100% रिजल्ट बताता है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं।"इस अवसर पर प्राचार्य अमरजीत पासवान ने कहा कक्षा 9वीं का परीक्षापरिणाम काफी कमजोर मात्र 50% रहा।उन्होंने कमजोर परिणाम वाले विषयों पर विशेष ध्यान देने की बात कहीसाथ ही अभिभावकों से भी बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस मौके पर विद्यालय के समस्त व्याख्यातागण उपस्थित थे ।

## 3 साल में ही दीवारों में आईं दरारें, ब्रिटिशकालीन इमारतें आज भी मजबूत

# अनियमितता की भेंट चढ़ रहे नए सरकारी भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर में जहां एक ओर ब्रिटिशकालीन भवन आज भी अपनी मजबूत निर्माण गुणवत्ता के कारण सुरक्षित खड़े हैं। वहीं हाल के वर्षों में निर्मित शासकीय भवनों की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। इन दिनों नगर में विशेष रूप से नवीन तहसील कार्यालय भवन और जिला पंजीयक कार्यालय भवन चर्चा का विषय बने हुए हैं। महज तीन वर्षों के भीतर ही इन भवनों में जगह-जगह दरारें पड़ने और फ्लोरिंग उखड़ने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि दोनों भवनों का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति देखकर यह आशंका जताई जा रही है कि निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। आम नागरिकों के बीच यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि यह दरारें केवल दीवारों में नहीं, बल्कि निर्माण व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार की भी संकेतक हैं। नवीन भवनों की इतनी कम अवधि में खराब स्थिति को लेकर निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। आमजन अब यह जानना चाहते हैं कि आखिर इन भवनों की गुणवत्ता जांच कब होगी और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई की जाएगी।






**तहसील कार्यालय भवन में व्यापक दरारें :** बलौदा बाजार स्थित नवीन तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण 28 सितंबर 2023 को किया गया था। लगभग 58 लाख की लागत से बने इस भवन में तहसीलदार कक्ष, लिपिक कक्ष सहित अधिकांश कमरों की दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। जिला मुख्यालय का प्रमुख कार्यालय होने के कारण यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है, जिससे भवन की स्थिति को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। विडंबना यह है कि ठीक सामने स्थित ब्रिटिशकालीन पुराना तहसील भवन आज भी मजबूती से खड़ा है, जो पुराने निर्माण की गुणवत्ता को दर्शाता है।

# औरेटी में मिला 100 किलो अमानक पनीर, फर्म सील

**बलौदाबाजार।** खाद्य पदार्थों के सघन जांच अभियान के पहले दिन सोमवार को संयुक्त जांच टीम ने एनॉलाग पनीर का निर्माण अमानक रूप से पाए जाने के कारण 100 किलोग्राम पनीर को नष्ट करवाया तथा फर्म को आगामी आदेश तक सील किया है।

> ■ निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिमगा ने अमृतमय फूड्स प्रालि पर की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार एसडीएम सिमगा के नेतृत्व में अमृतमय फूड्स प्रा. लि. ग्राम औरेठी तहसील सिमगा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्वस्थकर दशा में एनॉलाग पनीर का निर्माण किया जा रहा था, जिसके कारण एनॉलाग पनीर का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर लगभग 100 किलो पनीर को नष्ट करवाया गया तथा सयुंक्त दल द्वारा फर्म को आगामी आदेश तक सील किया गया।उल्लेखनीय है कि जिले के नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 अप्रैल से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जाएगा है। यह अभियान सही दवा शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सघन जांच अभियान हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व तथा पुलिस क्री संयुक्त टीम गठित किया है।

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



15 मंदिरों के गर्भगृह ठंडा रखने एसी-कूलर ...



## लाइव इवेंट

## काव्य संध्या में पढ़ी कविताएं श्रृंगार रस पर गूंजीं तालियां



**रायपुर।** सद्भावना साहित्य संस्थान की ओर से वृंदावन हॉल में काव्य संध्या व पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक गोष्ठी में अंचल के वरिष्ठ व युवा रचनाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से वातावरण को पूरी तरह काव्यमय बना दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गोपा शर्मा ने की तथा प्रभावी संचालन आरव शुक्ला द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वैभव प्रकाशन के सुधीर शर्मा उपस्थित रहे। इस खास मौके पर डॉ. युक्ता के लघुकथा संग्रह "स्कीप कार्ड" का विधिवत विमोचन किया गया, जिसकी उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने खूब सराहना की।

### विभिन्न रसों की कविताओं ने बांधा समां

काव्य पाठ के दौरान सामाजिक, आध्यात्मिक, समसामयिक और श्रृंगार रस से ओतप्रोत रचनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में तालियों की गूंज लगातार बनी रही। कुछ प्रमुख काव्य प्रस्तुतियां इस प्रकार रहीं। योगेश शर्मा 'योगी' ने चंबल सूना-सा लगे, डाकू सुधरे आज, बिन गोली बंदूक के, दिल्ली पर है राज.., विवेक भट्ट आशा परशुराम ने गजब की है वो लड़की मां! कमर तक बाल हैं उसके.., अनिल राय 'भारत' ने आखिर कब तक प्यार चलेगा, पैसों से घर-बार चलेगा, सत्ता के जो पैर छुएगा, बस उसका अखबार चलेगा.., की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके अलावा यशवंत कुमार चतुर्वेदी, सुषमा प्रेम पटेल, मोहम्मद यूशा, सफदर अली, कल्याणी तिवारी, राजेश जैन 'राही', कुमार जगदलवी, सत्येन्द्र तिवारी, हबीब खान 'समर', चंद्रकला त्रिपाठी, राजेंद्र रायपुरी एवं रामचंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य रचनाकारों ने भी अपनी प्रभावशाली कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर किया।

## राजधानी में युवाओं की पहली पसंद व्हाइट, स्काई ब्लू और लाइट पिंक, कंफर्ट रहने कर रहे ड्रेस कलेक्शन

# शादियों में खास लुक पाने और गर्मी से बचने कॉटन टी शर्ट्स, कुर्ते का क्रेज, चुनिंदा रंगों को युवा दे रहे रिस्पांस

शादी-ब्याह में खास लुक पाने और गर्मी से बचाव के लिहाज से युवाओं में अब कॉटन टी-शर्ट्स, कुर्ता पायजामा का क्रेज है। इस लिहाज से ही वे शॉप और मॉल से खरीदी कर रहे हैं। समय के साथ युवाओं ने अपने फैशन के ट्रेंड में बड़ा बदलाव शुरू किया है। इससे आरामदायक और हल्के कपड़ों की पूछपरख बढ़ने लगी है। युवा स्टाइल के साथ कम्फर्ट पर फोकस करने लगे हैं। उनकी पसंद को लेकर हरपाल सिंह और आनंद साहू ने बताया कि गर्मी में हो रही शादियों और गर्मी के लिहाज से कॉटन टी-शर्ट्स के साथ डिजाइनर्स सूती कुर्ता- पायजामा का चलन बढ़ने लगा है।

**रायपुर।** हर वर्ग के लोग कॉटन के ढीले और आरामदायक कपड़ों को पहनना पसंद कर रहे हैं। गर्मी में पसीने से बचने के लिए कॉटन टी-शर्ट्स और शर्ट्स युवाओं को भाने लगी हैं। वहीं अशोक पाल ने बताया कि लिनन शर्ट्स, पैंट्स को लेकर फॉर्मल और कैजुअल दोनों ही तरह का लुक पाने के लिए खरीद रहे हैं। लिनन फैब्रिक को युवावर्ग ज्यादा पसंद कर रहा है। इसे देखते हुए युवाओं के लिए बेस्ट कलेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। हैवी ड्रेस के बजाय अभी हल्के कपड़ों का चलन है। शॉप संचालकों ने बताया कि युवाओं के लगाव को देखते हुए इस वेडिंग सीजन में उनको आकर्षक लुक देने का प्रयास किया जा रहा है।





### पेस्टल और हल्के रंग के कपड़ों के प्रति लगाव

उन्होंने बताया कि पेस्टल और हल्के रंग के कपड़ों को युवा गर्मी के दिनों में ज्यादा पसंद कर रहे हैं। धूप को सोखने के बजाय रिफ्लेक्ट करने वाले हल्के रंगों में व्हाइट, स्काई ब्लू, लाइट पिंक कलर को रिस्पांस दे रहे हैं। ओवरसाइज्ड टी-शर्ट्स को हर वर्ग के लोग पसंद कर रहे हैं, इसलिए कूल और आरामदायक लुक के लिए ओवरसाइज्ड टी-शर्ट्स का ट्रेंड हैं। इसे हर अवसर पर पहना जा सकता है। इन कपड़ों की इन्हीं खूबियों के चलते युवाओं का रुझान भी नए ट्रेड के प्रति बढ़ा है। बजट में खास लुक पाने की चाहत रखने वाले युवाओं का लगाव कलेक्शन पाइंट्स पर बढ़ने लगा है।



### खास अवसर पर डिफरेंट लुक के लिए तलाश

शादी के खास मौके पर ही नहीं, बल्कि अन्य अवसर पर भी जिसे फैशन के रूप में पहना जा सके, ऐसे परिधान में युवाओं का रुझान बढ़ने लगा है। गर्मी में होने वाली शादियों ही नहीं, बल्कि खुद को आकर्षक लुक देने के लिए भी युवाओं ने अब आकर्षक परिधान का चयन शुरू किया है। इसे देखते हुए शॉपिंग मॉल से लेकर शॉप तक डिजाइनर्स कपड़ों की विशाल रेंज सजने लगी है। इसे युवावर्ग हर खुशी के मौके पर पहनने के लिए खरीदने में रुचि ले रहे हैं।




### फैब्रिक की क्वालिटी 'ब्रेथेबिलिटी' को आर्डर

शॉप संचालकों ने बताया कि कुर्ता और पायजामा भी युवाओं द्वारा ज्यादा पसंद किया जा रहा है। यह स्टाइलिश और आरामदायक होने के कारण भा रहा है। कॉटन कुर्ता-पायजामा को दोनों वर्ग के लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। युवा अब फैशन के साथ फैब्रिक की क्वालिटी और 'ब्रेथेबिलिटी' (हवादार) कपड़ों को सबसे ज्यादा अहमियत दे रहे हैं, ताकि गर्मी में भी कूल रहा जा सके। उनको गर्मी के लिहाज से आकर्षक लुक देने वाले कपड़ों की विशाल रेंज पंडरी कपडा मार्केट और मॉल में उपलब्ध करा रहे हैं।

## सिटी इवेंट

## प्रकृति की ओर सोसायटी ने शुरू किया आम की गुठलियों का संग्रहण




**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है। सोसायटी के पदाधिकारी आम की गुठलियों के संग्रह का अभियान चला जा रहे हैं। सोसायटी द्वारा सोमवार को इस अभियान की शुरुआत की गई। प्रकृति की ओर सोसायटी के पदाधिकारी एवं पर्यावरणविद मोहन वल्यानी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अधिकाधिक पौधारोपण कर हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। सोसायटी ने आम जनमानस से अपील की है कि वे आम खाने के उपरांत गुठलियों को अच्छी तरह से धोकर धूप में सुखा लें। जब पर्याप्त मात्रा में गुठलियों का संग्रह हो जाए तो सोसायटी को उपलब्ध कराकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दें। गौरतलब है कि गर्मी के सीजन में लोग खूब आम का स्वाद लेते है। ऐसे में आम के स्वाद लेने के साथ ही आम की गुठलियों को संग्रहित भी करें, स्वयं अपने गार्डन या आसपास की खाली जगह पर रोपें, ताकि पर्यावरण संरक्षण भी हो सके। इसके अलावा अधिक मात्र में संग्रहित आम की गुठलियों को संग्रहित कर प्रकृति की ओर सोसायटी को उपलब्ध करा पर्यावरण संरक्षण की व्यापक दिशा में योगदान में सहयोग करें। मोहन वल्यानी ने आगे बताया कि सोयायटी द्वारा इन गुठलियों को जंगल में छिड़काव किया जाएगा एवं आम की पौधों की नर्सरी भी तैयार की जाएगी, जिनका उपयोग विभिन्न संस्थानों एवं स्थलों पर पौधारोपण के लिए किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से प्रकृति की ओर सोसायटी हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु कटिबद्ध है। कार्यक्रम में मोहन वल्यानी, डॉ. अनिल चौहान ,डॉ. विजय जैन, मनीषा त्रिवेदी, सर्वत्र सेटी, लक्ष्मी यादव,सुरेश बानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**गुठलियों का जंगल में छिड़काव किया जाएगा**

### शहर में बनाए गए कलेक्शन सेंटर

शहरवासियों से आम की गुठलियों को संग्रहित करने कलेक्शन सेंटर बनाए गए हैं। ये कलेक्शन सेंटर गांधी नेहरू उद्यान, ऑक्सीजोन गार्डन, अनुपम नगर गार्डन पर बनाए गए हैं, जहां इन गार्डन के केयरटेकर से संपर्क या सोसायटी के व्हाट्स एप नंबर 6265783779 पर उपलब्ध करा सकते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण की मुहिम से जुड़े लोग

इस अभियान में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मोना सेन ने प्रकृति के कार्यों की सराहना की और आम जनमानस के लिए संदेश भी प्रसारित किया है कि वे आम खाने के उपरांत गुठलियों को प्रकृति की ओर सोसायटी को उपलब्ध कराकर पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम से खुद भी जुड़ें और आम के परिक्षेत्र के विस्तार तथा उत्पादन बढ़ाने में भी भागीदारी निभाएं।

## घर को आकर्षक बनाने में जुटे नन्हे हाथ, रंगीन कागजों से दे रहे गुड़िया और चिड़िया को आकार

**रायपुर।** स्कूलों में अवकाश घोषित होने के बाद छात्र-छात्राएं अब समर कैंप का हिस्सा बनने में रुचि ले रहे हैं। कागज से कलाकृतियां बनाने की कला मुख्य रूप से प्राचीन चीन और जापान की मानी जाती है। इसे ओरिगामी के रूप में जाना जाता है, जो मूल रूप से कागज को मोड़ने की एक प्रसिद्ध जापानी तकनीक है। इस तकनीक का उपयोग करके संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में चल रहे समर कैंप में शामिल होने वाले बच्चे आकर्ष कृतियां बनाने का कौशल सिख रहे हैं। घर को खाल लुक देने के लिए अब वे सुंदर चिड़िया और गुड़ियों को आकार दे रहे हैं। रंग-बिरंगी चिड़िया बनाने वाले बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक रही है। आर्ट एंड क्राफ्ट में खुद को वे पारंगत कर रहे हैं। प्रशिक्षकों से मिलने वाली जानकारी को वे मोबाइल में रिकार्ड भी करते हैं, ताकि भूलने पर आसानी से समझ सकें।





### आसानी से समझ रहे चिड़िया बनाने की प्रक्रिया

शिक्षिका उन्हें बताती हैं कि एक वर्गाकार (स्क्वॉयर) रंगीन कागज का उपयोग करें। कागज को तिरछा मोड़कर त्रिकोण बनाएं और फिर खोलें। दोनों तरफ के कोनों को केंद्र की रेखा की ओर मोड़ें। ऊपरी किनारों को नीचे की ओर मोड़ें, ताकि पंख बन जाएं। कागज को आधा मोड़ें। फिर गर्दन को ऊपर उठाएं और चोंच के लिए एक कोना मोड़ें। अपनी अंगुलियों से चिड़िया को थोड़ा समायोजित करें। इस तरह आपकी चिड़िया बनकर तैयार हो जाएगी। इसे बच्चे आसानी से न केवल सीख रहे, बल्कि कैंप में कृतियां बनाकर दिखा भी रहे हैं। समर कैंप प्रभारी अपर्णा आठले ने बताया कि 10 दिवसीय शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे आ रहे हैं। कैंप के दसवें दिन सोमवार को शाला की आर्ट एंड क्रॉफ्ट की शिक्षिका सुदेवी विश्वास ने बच्चों को जापानी ओरिगामी आर्ट से सुंदर बर्ड और गुड़िया बनाना सिखाया। रंगबिरंगे कागज पर बच्चे सुंदर बर्ड बनाने की कला सीखने पूरी तैयारी से पहुंचते हैं।

**महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों सदस्यों ने बैठक में की चर्चा**

## 'सेलिब्रेशन' नाट्य मंचन की तैयारी, जल्द करेंगे रिहर्सल

**रायपुर।** रंगसाधकों ने एक बार फिर समसामयिक ज्वंलत विषय पर आधारित नाटक 'सेलिब्रेशन' को मंचित करने की तैयारी तेज की है। इसको लेकर महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ मेंबर्स ने मीटिंग की। इसमें सन 2003 को प्रशांत दलवी द्वारा मराठी में लिखे गए नाटक का वाचन रंगसाधक-निर्देशक प्रसन्न विजय निमोणकर ने प्रिया प्रशांत बक्षी के साथ किया तो कक्ष में बैठे तमाम कलाकार स्तब्ध रह गए, कुछ की आंखें नम हो गई थीं। कोई कलाकार कुछ कहने की स्थिति में नहीं था। दो अंकों वाले इस नाटक के निर्देशक प्रसन्न निमोणकर और मार्गदर्शक अनिल श्रीराम कालेले होंगे। नाटक में कुछ और कसावट लाने के बाद इसकी स्क्रिप्ट को लॉक किया जा रहा है। उसके बाद नाटक के प्रत्येक पात्रों पर कलाकारों के नामों की अंतिम मुहर लगाकर इसकी रिहर्सल शुरू की जाएगी। 'सेलिब्रेशन' की स्क्रिप्ट सुनने के लिए मंडल अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन गोविंद दंडवते, रंजन मोडक, पवन ओगले, कुंतल कालेले जैसे रंगसाधक मौजूद थे।



### दूसरे शहरों में नाटक मंचन का अवसर मिलेगा

स्क्रिप्ट वाचन के बाद अध्यक्ष अजय काले ने नए नाटक को लेकर कलाकारों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आग्रह किया कि यह नाटक मराठी में लिखा गया है, इसलिए केवल मराठी तक ही इसे सीमित न रखें। बेहद ज्वलंत, गंभीर विषय पर लिखे गए इस नाटक का मैसेज सही मायनों में हिंदी में मंचन करने के बाद अधिकाधिक लोगों तक पहुंचेगा। साथ ही महाराष्ट्र मंडल के कलाकारों को रायपुर के अलावा दूसरे शहरों में नाटक मंचन का अवसर मिलेगा। श्री काले ने स्पष्ट किया कि इस नाटक का मंचन किसी तीज-त्योहार या पूर्व निर्धारित उत्सव पर नहीं, बल्कि किसी विशेष अवकाश के दिन किया जाएगा।

## संगठन के शिल्पकार यशवंतराव केलकर की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर किया याद

# विद्यार्थी आज के नागरिक, दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज में संगठनात्मक मूल्यों को करें सशक्त

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संगठन के शिल्पकार, प्राध्यापक यशवंतराव केलकर की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रिय केलकर जी कार्यक्रम का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में किया गया। इस कार्यक्रम में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी एवं पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री हरीश लूनिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों तथा संघ परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरीश लूनिया ने कहा कि जैसे एक पथिक को छांव मिलती है और उसे जो आनंद की अनुभूति होती है, वही अनुभूति मुझे आज इस कार्यक्रम में आकर हो रही है। उन्होंने प्रो. यशवंतराव केलकर के साथ अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि केलकर जी केवल राष्ट्र निर्माण ही नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण के भी सजग शिल्पकार थे। उनकी विशिष्ट कार्यशैली एवं पद्धति ने विद्यार्थी परिषद को विभिन्न आयामों में कार्य करने की दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि केलकर एक चलती-फिरती पाठशाला के समान थे, जहां से संस्कारित एवं अनुशासित कार्यकर्ता निकलकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।




### सक्रिय योगदान देने का लिया संकल्प



कार्यक्रम में अभाविप मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया, प्रांत अध्यक्ष डॉ. विकास पांडे, प्रांत मंत्री अनंत सोनी, महानगर मंत्री सुजल गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य यज्ञदत्त वर्मा, प्रांत सह मंत्री प्रथम फूटाने, हर्षित कौर, मन साहू, रवि गुप्ता, आशीष सिन्हा, कुनिका खोडियार, रुचिका गौतम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पूर्व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रो. यशवंतराव केलकरजी के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

### विद्यार्थी आज का नागरिक है

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के संकल्प में यशवंतराव केलकर की कार्यपद्धति का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आज का नागरिक है, यह केलकरजी का मूल विचार था, जो आज भी संगठन के कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज में समरसता एवं संगठनात्मक मूल्यों को सशक्त करें। डॉ. सोलंकी ने केलकर के जीवन के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी जीवनशैली सामाजिक समरसता का सजीव उदाहरण थी। उन्होंने बताया कि केलकर ने अपने व्यवहार से समाज में समानता और अपनत्व का संदेश दिया, जो आज के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।



## सिटी लाइव

### स्टेज फियर दूर करने युवाओं को दिया मंत्र, बॉडी लैंग्वेज के सीखे महत्व



**रायपुर।** जेसीआई रायपुर यूथ कैपिटल की ओर से पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बोलने की कला को सिर्फ समझा नहीं, बल्कि खुद करके सीखा। इस कार्यशाला खास बात यह रही कि इसका प्रैक्टिकल और इंटरैक्टिव तरीका रहा, जिसमें प्रतिभागियों को बार-बार मंच पर आकर बोलने का मौका दिया गया। इससे उनकी झिझक टूटी, आत्मविश्वास बढ़ा और हर प्रतिभागी ने अपने अंदर एक सकारात्मक बदलाव महसूस किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ अच्छा वक्ता बनाना नहीं, बल्कि ऐसे लोगों को तैयार करना था, जो अपनी बात को प्रभावी तरीके से रख सकें और लोगों से जुड़ सकें। ट्रेनर जेसी डॉ. अरिजीत गोस्वामी और जेएफएम रजनी चंद्रवंशी ने बेहद आसान, रोचक और प्रैक्टिकल तरीके से प्रतिभागियों को सिखाया कि स्टेज फियर को कैसे दूर करें, सही बॉडी लैंग्वेज कैसे रखें, आवाज में प्रभाव कैसे लाएं और श्रोताओं से कैसे जुड़ें।

#### मंच पर चढ़ने का डर टूटा

मुख्य अतिथि जेसीआई सेन. लीना वादेर की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया, जिनके प्रेरणादायक शब्दों ने युवाओं में नई ऊर्जा भर दी। कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष जेसी शुभम बरड़िया भी उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष जेसी पारस अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जेसी नैंसी बरड़िया, को-चैप्टर इंचार्ज एचजीएफ जेसी गौरव कोचर, सचिव जेसी यशराज भंडारी, कार्यक्रम समन्वयक जेसी अश्विनी जैन, प्रोग्राम संचालक जेसी मनीष अग्रवाल और जेसी प्रथम अग्रवाल तथा टीम के सदस्य जेसी माधव राठौड़ और जेसी अभाष सचान के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रविवार सुबह होने के बावजूद प्रतिभागियों की जबरदस्त ऊर्जा और सक्रिय सहभागिता ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया।

● गर्भगृह से लेकर पूजा घरों तक विराजित भगवान को गर्मी से बचाने भक्तों की विशेष तैयारी

# मंदिरों का गर्भगृह ठंडा रखने एसी-कूलर, देवी देवताओं के बदल गए भोग और परिधान

शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, ऐसे में गर्मी की तपिश से देवालयों के गर्भगृह को ठंडा रखने एसी-कूलर का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा मौसम के अनुकूल देवी-देवताओं को चढ़ाने वाले भोग-प्रसादी और श्रृंगार-परिधान में भी बदलाव किया गया है। भक्त मंदिरों से लेकर घर के पूजा स्थल पर अपने ईष्ट देवी-देवताओं को भोग-प्रसादी में ठंडी तासीर वाले पेय सत्तू, लस्सी, ठंडाई, शर्बत, शिकंजी व मौसमी फलों में तरबूज, खरबूजा, आम और मेवों का भोग अर्पित कर रहे हैं।



### इन देवालयों में एसी की व्यवस्था

महामाया मंदिर पुरानी बस्ती, अम्बा देवी मंदिर सत्ती बाजार, कालीमाता मंदिर आकाशवाणी चौक, शिव मंदिर आकाशवाणी चौक, बंजारीधाम मंदिर भनपुरी, गणेश शिव मंदिर बूढ़ापारा, खाटू श्याम मंदिर समता कॉलोनी, राधेकृष्ण मंदिर समता कॉलोनी, सांई मंदिर आजाद चौक, श्रीराम मंदिर वीआईपी रोड, सालासर बालाजी हनुमान मंदिर अग्रसेन धाम, श्रीराधा-कृष्ण मंदिर जवाहर नगर सहित अनेक देवालयों में एयर कंडिशनर एवं कूलर-पंखे की व्यवस्था की गई है।



**रायपुर।** मंदिरों में पुजारी सूती वस्त्रों व ठंडक देने वाले श्रृंगार सामग्री से देवी-देवताओं के साज-श्रृंगार कर रहे हैं। भगवान को गर्मी से बचाने के लिए शहर के मंदिरों में गर्भगृह के भीतर एसी-कूलर की व्यवस्था की गई है, ताकि मंदिर के गर्भगृह को ठंडा रखा जा सके। साथ ही मौसम के अनुरूप भगवान को प्रतिदिन लगाए जाने वाले भोग-प्रसाद में ठंडे पेय और ठंडक प्रदान करने वाली खाद्य वस्तुओं को शामिल किया जा रहा है। भीषण गर्मी पड़ते ही गर्भगृह के एयरकंडिशनर का स्वीच ऑन कर दिया गया है। अप्रैल-मई में गर्मी की तपिश से पशु-पक्षी, इंसान खासे परेशान हो जाते हैं, ऐसे में भक्तों को भी फ्रिक होती है कि उनके भगवान को गर्मी न लगे। भगवान पर गहरी आस्था के चलते भक्तों ने मंदिरों के गर्भगृह से लेकर घर के पूजाघरों में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं को गर्मी से बचाने एसी-कूलर एवं ठंडक देने वाले परिधान व भोग के मेनू में भी बदलाव किए हैं। अभिषेक स्नान में भी केसर व सुगंधित द्रव्यों का उपयोग व भगवान के श्रृंगार एवं शयन संस्कार के दौरान पहनाए जाने वाले वस्त्रों का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।



### शिवजी का अनवरत जलाभिषेक और चंदन का लेप

शहर के शिव मंदिरों में घट स्थापित किया गया है, जिससे गर्मी में अनवरत जलाभिषेक हो रहा है। इसके अलावा शिवजी को ठंडक के लिए चंदन के लेप भी लगा रहे हैं। मंदिर प्रबंधन व पुजारियों का कहना है कि भीषण गर्मी की स्थिति में दोपहर को एसी चालू रखा जाता है, ताकि भगवान को भी राहत मिल सके। वहीं भगवान को प्रतिदिन अर्पित की जाने वाली भोग प्रसादी में ठंडी तासीर वाले पेय में सत्तू, लस्सी, ठंडाई, शर्बत, शिकंजी व मौसमी फलों में तरबूज, खरबूजा, आम और मेवों का भोग अर्पित किया जाता है। भगवान के श्रीविग्रह का अभिषेक करने के लिए गंगाजल युक्त पानी में सुगंधित द्रव्य मिश्रित करके स्नान कराया जा रहा है।

### पानी की फुहारों और मोगरा फूलों की फुलवारी

महामाया मंदिर और समलेश्वरी देवी मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला बताते हैं कि गर्मी के मौसम में मातारानी के श्रीविग्रह का श्रृंगार सूती साड़ी पहनाकर किया जाता है। गृभगृह में मातारानी के लिए एसी लगाई गई है। वहीं श्रद्धालुओं के लिए कूलर की व्यवस्था की गई है। भोग में ठंडाई व आमरस भक्त चढ़ा रहे हैं। समता कॉलोनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर के सत्येंद्र अग्रवाल बताते हैं कि गर्मी के मौसम में जुगलजोड़ी सरकार श्रीराधा-कृष्ण के श्रीविग्रह को सूती वस्त्र पहनाकर श्रृंगार किया जाता है। सदरबाजार स्थित गोपाल मंदिर और बूढ़ापारा स्थित गोकुल चंद्रमा मंदिर में गर्भगृह को ठंडा रखने के लिए फौवारा लगाए जाने की तैयारी है।

## धर्म लाइव

### श्री कुंथुनाथ जिनालय का 26वां ध्वजा महोत्सव 3 मई को मनाने की तैयारी



**रायपुर।** श्री कुंथुनाथ जिनालय का 26वां ध्वजा महोत्सव इस वर्ष 3 मई रविवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। यह भव्य आयोजन समता नगर, फाफाडीह स्थित श्री कुंथुनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर (अचल गच्छ) परिसर में आयोजित होगा। यह आयोजन मंदिर की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भी विशेष रूप से मनाया जा रहा है। श्री छत्तीसगढ़ कच्छी दशा ओसवाल जैन ज्ञाति महाजन, रायपुर के तत्वावधान में आयोजित इस एकदिवसीय महोत्सव में देशभर से साधु-साध्वी भगवंतों, समाजजनों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। जिनालय समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह ने बताया कि महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-अर्चना और ध्वजारोहण के माध्यम से भक्तिमय वातावरण निर्मित होगा। महोत्सव का शुभारंभ सुबह 6 बजे मंगल प्रवेश और भव्य सामैया से होगा। इसके बाद सुबह 7 बजे सकल संघ की नवकारसी, 7:30 बजे ध्वजा शोभायात्रा, 8:30 बजे श्री सत्तरभेदी पूजा तथा प्रातः 10:36 बजे ध्वजारोहण का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

#### धार्मिक व सेवाकार्य भी संपन्न होंगे

आयोजन के अंतर्गत मंदिर को आकर्षक सजावट से सजाया जाएगा। साथ ही प्रभु की विशेष अंगरचना, रंगोली, गहुली, जीवदया कार्य और अनुकंपा दान जैसे कई धार्मिक एवं सेवा कार्य भी संपन्न होंगे। यह महोत्सव न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में सेवा, संस्कार और एकता का संदेश भी देता है। समाज के पदाधिकारियों ने सभी धर्मप्रेमी परिवारों और श्रद्धालुओं से इस पुण्य अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न मंडलों, महिला मंडल, युवा मंडल और कार्यकारिणी के सदस्य व्यापक तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## भीषण गर्मी में सेवा की ठंडी छांव, आर्य समाज ने भी बढ़ाया मानवता का हाथ

### जगह-जगह जलसेवा से मिल रही राहत

**रायपुर।** तेज़ धूप और झुलसाती गर्मी के बीच इन दिनों शहर ही नहीं, बल्कि प्रदेश के कई हिस्सों में सेवा की मिसालें देखने को मिल रही हैं। कहीं प्याऊ लगाकर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया जा रहा है, तो कहीं सामाजिक संस्थाएं सड़कों और चौराहों पर जल एवं नाश्ते का वितरण कर लोगों को राहत पहुंचा रही हैं। इसी कड़ी में आर्य समाज ने भी एक सराहनीय पहल करते हुए मानवता की मिसाल पेश की है। आर्य समाज मंदिर एवं अध्यात्म पथ के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन आर्य नगर क्षेत्र में सेवा ही धर्म है के मूल मंत्र के साथ एक विशेष सेवा अभियान चलाया गया। आचार्य डॉ. अजय आर्य के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 1000 लोगों को बिसलेरी पानी की बोतल, बिस्कुट और नमकीन का निशुल्क वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच दोपहर 3 बजे जब अधिकतर लोग धूप से बचने की कोशिश कर रहे थे, तब सेवा भाव से ओतप्रोत कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन परिसर में जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाने में जुटे रहे।



#### संसार का उपकार करना ही आर्य समाज का कर्तव्य

इस दौरान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती का संदेश देता है कि संसार का उपकार करना ही आर्य समाज का मुख्य कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और दूसरों को कष्ट देना सबसे बड़ा पाप है। भीषण गर्मी में सबसे अधिक परेशानी श्रमिक वर्ग और यात्रियों को होती है, ऐसे में उन्हें पानी और हल्का नाश्ता उपलब्ध कराना सच्ची सेवा है। उन्होंने एक सामाजिक पहलू की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि कई बार लोग निशुल्क सामग्री लेने में संकोच करते हैं, क्योंकि उन्हें विश्वास नहीं होता कि यह सेवा बिना किसी स्वार्थ के दी जा रही है। लेकिन जब वे दूसरों को लेते हुए देखते हैं, तब उनका भरोसा बनता है। ऐसे सेवा कार्य समाज में विश्वास और सकारात्मकता बढ़ाने का काम करते हैं।आचार्य आर्य ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व उनके मन में यह विचार आया कि पारंपरिक प्याऊ एक स्थान तक सीमित होते हैं, जबकि चलती-फिरती भीड़ जैसे रिक्शा चालक, मजदूर और यात्री अक्सर इससे वंचित रह जाते हैं। इसी सोच के साथ बोतलबंद पानी वितरण की यह पहल शुरू की गई, जिससे लोग तत्काल राहत पाने के साथ-साथ बोतल का आगे भी उपयोग कर सकें।

## जैन ध्वज फहराकर उल्लास के साथ मनाया 'जिन शासन' स्थापना दिवस

**रायपुर।** जैन समाज के लिए पवित्र और महत्वपूर्ण दिन 'जिन शासन स्थापना दिवस' देशभर में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जैन मंदिरों, उपाश्रयों और स्थानकों में जैन धर्म का प्रतीक पंचरंगी ध्वज फहराकर भगवान महावीर के संदेशों का स्मरण किया गया। जैन संवेदना ट्रस्ट के ने बताया कि चरम तीर्थपति, करुणा सागर भगवान महावीर स्वामी ने कैवल्य ज्ञान प्राप्ति के ठीक अगले दिन जैन शासन की स्थापना की थी। उन्होंने बताया कि वैशाख सुदी एकादशी के दिन अनंत लब्धिनिधान श्री गौतम स्वामी और पंचम गणधर श्री सुधर्मा स्वामी जी की उपस्थिति में भगवान महावीर ने 'चतुर्विध संघ' (साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका संघ) की स्थापना की थी। इसी दिन जैन धर्म के संचालन के लिए विभिन्न नियम निर्धारित किए गए थे, जिसके कारण यह दिन पूरे जैन समाज के लिए ऐतिहासिक और विशेष महत्व रखता है।



#### भैरव सोसायटी में भी फहराया ध्वज

शासन स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन हुए। खरतरगच्छ महिला परिषद की राष्ट्रीय संगठन मंत्री मंजू कोठारी ने बताया कि भैरव सोसायटी में भी यह पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां बड़ी संख्या में श्राविकाओं और बच्चों ने मिलकर जैन ध्वज फहराया और 'जिन शासन स्थापना दिवस' मनाते हुए धर्म की प्रभावना की। पूरे देश की तरह स्थानीय जैन समाज ने भी इस अवसर पर मंदिरों और उपाश्रयों में ध्वजारोहण कर भगवान महावीर के बताए अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## कैंपस लाइव

### पर्यावरण प्रेमी संगठन 'प्रकृति मित्र सम्मान' से सम्मानित



**रायपुर।** सामाजिक संस्था खुशियां बांटें अभियान द्वारा पशुपालन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'पर्यावरण प्रेमी संगठन छग' को 'प्रकृति मित्र सम्मान' से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त, अध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण आयोग) और 'प्रकृति की ओर सोसायटी' के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी के हाथों प्रदान किया गया। संगठन की ओर से यह सम्मान प्रांताध्यक्ष गणेश साहू, संस्थापक आरडी दाहिया, रायपुर जिलाध्यक्ष वेदव्यास मिश्रा, बेमेतरा जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू सहित गणेश कुमार साहू, नंदलाल साहू और राजेंद्र निषाद आदि ने ग्रहण किया।


#### 8 वर्षीय आद्रिक बने आकर्षण का केंद्र


समारोह में बिलासपुर के नन्हे पर्यावरण प्रेमी आद्रिक मिश्रा (8 वर्ष) आकर्षण का केंद्र रहे। मात्र 8 साल की उम्र में 1500 पौधे लगाकर सुर्खियां बटोरने वाले संगठन के इस नन्हे सदस्य को डॉ. शर्मा ने पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा डॉ. शर्मा ने कठिया (बेमेतरा) के प्राथमिक विद्यालय की विद्यार्थी हेमा साहू और रितेश साहू से बेहद आत्मीयता से मुलाकात की। उनके साथ तस्वीरें खिंचवाकर उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्याभूषण दुबे ने संगठन की ओर से आयोजक सौरभ बख्शी और रात्री लहरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

अनूठे फोटो-वीडियो शूट कराकर इंस्टा, रील और यूट्यूब, वॉट्स एप पर पोस्ट कर रहे युवा

# समर सीजन में रोड ट्रिप और प्रकृति की सुंदरता के बीच फोटो-वीडियो शूटिंग का बढ़ा क्रेज

कार्नर न्यूज





फेसबुक पर बना रहे प्रभावशाली स्टेटस

**रायपुर।** युवाओं में रोड ट्रिप का क्रेज तेजी से बढ़ा है, जहां वे केवल यात्रा नहीं करते, बल्कि प्रकृति के सुंदर दृश्यों के बीच फोटो और वीडियो शूट को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह एक नया ट्रैवल-एज-लाइफस्टाइल ट्रेंड बन गया है। युवाओं में यात्रा का मुख्य उद्देश्य इंस्टाग्राम, रील और यूट्यूब के लिए प्रभावशाली कंटेट बनाना है। शहर के जाने-माने प्रोफेशनल फोटो-वीडियो शूटिंग प्लानर विवेक सिंह का कहना है कि आजकल युवा सोशल मीडिया से प्रेरित होकर रोड ट्रिप की योजना बना रहे हैं। समर सीजन में भागदौड़ व गर्मी की तपिश से राहत पाने शहर के आसपास नदियों और गांवों के शांत वातावरण में सुकून तलाशने पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे प्रोफेशनल फोटो-वीडियो प्लानर हायर कर रहे हैं। शहर के युवा इन दिनों खासकर नया रायपुर, महादेवघाट, आसपास के गांव और प्रदेश के उन डेस्टिनेशन पाइंट पर पहुंच रहे हैं, जहां प्रकृति की मनोरम छटाएं बिखरी हुई हैं। इसमें पुरखौती मुक्तांगन, जंगल सफारी, ट्राइबल म्यूजियम, खारुन नदी घाट किनारे, शहर के गार्डन, अचानकमार टाइगर रिजर्व शहर के युवाओं को खूब भा रहे हैं। यह नया चलन युवाओं के लिए स्वतंत्रता, रोमांच और डिजिटल दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का एक अनूठा माध्यम बन गया है।

### दोस्तों के साथ यादगार पल कैमरे में कैद



युवा दोस्तों के साथ अपनी गाड़ी या किराए की कार से सफर करना, मनचाही जगहों पर रुकना और नए रास्तों की खोज कर रहे हैं, जो ट्रेन या फ्लाइट में संभव नहीं है। बेहतर हाईवे और सड़कों के कारण कम समय में अधिक दूरी तय करना और पहाड़ी या सुदूर इलाकों तक पहुंचना आसान हो गया है। प्रकृति की सुंदरता के बीच दोस्तों के साथ यादगार पल, सिनेमैटिक शॉट्स और रील्स शूट करने का क्रेज चरम पर है। युवा वीकेंड या छुट्टियों के दिनों में छोटी यात्राओं को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर प्रेजेंटेशन के साथ अर्निंग भी

युवा अपने मनपसंद रोड ट्रिप व डेस्टिनेशन पर अनूठे फोटो व वीडियो शूट कराकर इंस्टाग्राम, रील और यूट्यूब, वॉट्स एप, फेसबुक पर प्रभावशाली कंटेट स्टेटस अपलोड कर अपनी सोशल मीडिया में प्रेजेंटेशन को हाइप्रोफाइल बना रहे हैं। इस तरह के अनूठे रील्स, वीडियो व फोटोज से मिलियन लाइक्स, फॉलोवर प्राप्त कर इसे अर्निंग का जरिया भी बना रहे हैं। इसमें अपनी हॉबी के अनुरूप कंटेंट क्रिएट कर रहे हैं, जिसे सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एरियर्स समेत 2 फीसदी डीए जारी करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशनने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित प्रदान किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ, कमल वर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता एरियर्स सहित प्रदान करने का वादा किया है। वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, जो केंद्र सरकार की दर से 2 प्रतिशत कम है। उन्होंने अवगत कराया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है, जबकि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को अभी तक इसका लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि घोषणापत्र के अनुरूप प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर्स सहित देय तिथि से स्वीकृत करने हेतु आवश्यक निर्देश शीघ्र जारी किए जाएं।

### छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक नियम-2025-26 को निरस्त करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक नियम 2025-26 को अनियमित कर्मचारी विरोधी नियम करार दिया है। साथ ही इस नियम को निरस्त करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू का कहना है कि यह नया नियम अनियमित आंदोलन को कुचलने का प्रयास है। उन्होंने कहा है कि इस प्रावधान से प्रदेश लाखों अनियमित कर्मचारी, जो अपने अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें सरकार से मान्यता नहीं मिलेगी। पूर्व में भी समय-समय पर अनियमित कर्मचारी संघों ने इस नियम पर विरोध दर्ज कराया है।

### 2 फीसदी डीए-डीआर पर कैबिनेट बैठक में हो फैसला

**रायपुर।** 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में प्रस्तावित कैबिनेट बैठक से पहले भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों और पेंशनरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने के बाद भी छत्तीसगढ़ के कर्मचारी-अधिकारियों को 2 फीसदी कम डीए मिल रहा है, जो उनके साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार केंद्र के समान डीए प्रदान कर इस विसंगति को तत्काल दूर करे। उन्होंने यह भी कहा कि डीए में विलंब के कारण एरियर्स की राशि लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे कर्मचारियों और पेंशनरों में आक्रोश व्याप्त है। यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो लाखों रुपए का एरियर्स प्रभावित हो सकता है। महासंघ ने राज्य सरकार से अपेक्षा की है कि कैबिनेट बैठक में इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर शीघ्र निर्णय लिया जाए, ताकि कर्मचारी-अधिकारियों एवं पेंशनरों को उनका न्यायोचित अधिकार मिल सके।

### पीड़ित परिवार को चार लाख की आर्थिक सहायता

**रायपुर।** राज्य में प्राकृतिक आपदा के दौरान मृत व्यक्ति के निकट परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा कुलदीप शर्मा ने आरबीसी की धारा 6-4 के तहत यह मानवीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी तहसील ग्राम गबौद निवासी प्यारेलाल डहरिया की मृत्यु सर्पदंश के कारण हो गई थी। इस दुखद घटना के बाद पीड़ित परिजन ईश्वरी बाई के आवेदन पर प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नियमानुसार सहायता राशि स्वीकृत की है।

# कैबिनेट में तय होगा विशेष सत्र का प्रस्ताव, निकायों से लेकर पंचायतों तक गूंजेगा महिला आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला आरक्षण मामले में छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र 30 अप्रैल को होगा। इससे पहले 29 तारीख को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो कैबिनेट में सत्र में रखे जाने वाले प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 30 तारीख को जब विधानसभा में मुख्यमंत्री या संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप चर्चा के लिए प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही राज्य की पंचायतों और नगरीय निकायों में भी विशेष सभा बुलाकर महिला आरक्षण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा करने कहा गया है, रायपुर से इसकी शुरुआत हो चुकी है। इधर विधानसभा में होने वाले विशेष सत्र को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है, लेकिन अभी ये साफ नहीं है कि ये विधानसभा में लाए जाने वाले प्रस्ताव का स्वरूप क्या होगा। उधर कैबिनेट की बैठक के बाद विधानसभा से विशेष सत्र के लिए जारी होने वाली कार्यसूची सामने आने के बाद प्रस्ताव का स्वरूप साफ हो सकेगा। दूसरी ओर पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में भी सोमवार को विधानसभा में विशेष सत्र बुलाया गया। यहां महिला आरक्षण को लेकर निंदा प्रस्ताव पर कोई बात सामने नहीं आई है। यहां एक मुख्यमंत्री ने एक शासकीय संकल्प पेश किया। जिसका विषय नारी शक्ति वंदन हेतु महिला के




सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण संबंधी था। इसी आधार पर माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति से संबंधित प्रस्ताव लाया जा सकता है, जिसे मुख्यमंत्री या संसदीय कार्यमंत्री पेश करेंगे। इस पर पक्ष-विपक्ष की चर्चा के बाद बहुमत से पारित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में होने वाले सत्र के संबंध में विधानसभा से जारी अधिसूचना में इसे शासकीय कार्य हेतु सत्र बताया गया है।

### पंचायतों-निकायों तक पहुंचेगा महिला आरक्षण का मामला

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार जहां एक तरफ विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण विधेयक पर निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है, दूसरी ओर यही कोशिश राज्यभर की त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों की सभा में भी करने की तैयारी है। भाजपा सूत्रों की मानें तो राज्य में पंचायतों और नगरीय निकायों से कहा गया है कि वे अपनी सभा में महिला आरक्षण बिल पर प्रस्ताव लाकर चर्चा कराएं। संभव है कि इसमें निंदा प्रस्ताव पारित कराया जाए। दरअसल पार्टी महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों से जुड़े इस मुद्दे को शहरों से लेकर गांव-गांव तक पंहुचाने की तैयारी में है। इस सिलसिले में रायपुर नगर निगम में विशेष सामान्य सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान हंगामे और शोरगुल के बीच प्रस्ताव पारित किया गया। रायपुर निगम की विशेष सामान्य सभा में चर्चा के लिए प्रस्ताव महिला सशक्तिकरण हेतु अल्पकालीन जागरूकता अभियान के आयोजन एवं समन्वय किए जाने के लिए प्रस्ताव रखा गया था। इसी क्रम में पंचायतों और अन्य नगरीय निकायों में भी इसी प्रकार की विशेष सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

## नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन आंदोलन

# तेज गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच धरने पर डीएड सीएएफ अभ्यर्थी, डिहाइड्रेशन से तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ डीएड अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड चयनित अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं। नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर 43 डिग्री तापमान के बावजूद लू के थपेड़े सहते अभ्यर्थी आंदोलन के 126वें दिन भी यहां पर डटे हुए हैं। धरना-प्रदर्शन कर रहे मुंगेली के डीएड चयनित अभ्यर्थी शैलेंद्र साहू की तबीयत खराब होने के बाद उसे राजधानी के बालाजी हास्पिटल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उनके पेट के अल्सर का ऑपरेशन किया है। इसी तरह तेज गर्मी और उमस के बीच धरना दे रहे महासमुंद के कुलेश्वर राठौर को लू लगने पर उनके साथियों ने एबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अभनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। धरनास्थल पर कुछ अभ्यर्थी ऐसे भी हैं, जो लगातार पंडाल में अनशन पर बैठे हैं, उन्हें डिहाइड्रेशन की शिकायत भी हो रही है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन का कोई भी अफसर प्रदर्शनकारियों की सुध लेने नहीं पहुंचा।

### दिन में तेज गर्म हवा, रात को सुरक्षा की चिंता, दो कूलर पड़ रहे कम

प्रदेश दूरस्थ अंचल, बस्तर,सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, मुंगेली, राजनांदगांव सहित अन्य जिलों से अपने लंबित मांग को लेकर प्रदर्शन करने नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर तेज गर्मी के बीच जहां दिन में गर्म हवा और उमस के बीच प्रदर्शनकारी आंदोलन कर रहे हैं, वहीं रात के समय खुले मैदान होने की वजह से अनजान जगह पर उन्हें अपने सुरक्षा की चिंता सता रही है। हालांकि गर्मी से बचाव के लिए आंदोलनकारियों ने जैसे-तैसे कर 2 कूलर की व्यवस्था की है, पर लू के थपेड़ों के आगे कूलर भी काम नहीं कर रहे।



**पानी कमी से आ रहे चक्कर, 4 माह से धरना :** धरना-प्रदर्शन में शामिल डीएड अभ्यर्थी संजय कुमार ने हरिभूमि को बताया कि पिछले 4 माह से 1316 डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराने जद्दोजहद कर रहे हैं। टीन का शेड और तेज धूप से धधक रहे धरनास्थल पर सुविधाओं के अभाव से भी दूरदराज से आए अभ्यर्थी काफी परेशान हैं। शौचालय में सफाई की भारी कमी और पीने के पानी की समस्या से भी उन्हें रोज जूझना पड़ रहा है।



### सशस्त्र बल 2018 प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों का धरना

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 2018 प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग को लेकर तूता धरनास्थल पर बेमियादी आंदोलन कर रहे हैं। इनमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थी शामिल हैं। प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति देने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों के साथ उनके परिवार के सदस्य भी संबल बढ़ाने प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। धरनास्थल सुबह से लेकर देर शाम तक प्रदर्शनकारियों की आवाजाही देखी जा सकती है।

### गुपचुप पानी और एक्सपायर ब्रेड नष्ट

गठित खाद्य निरीक्षकों की टीम ने पहले दिन राजधानी के स्ट्रीट फूड वेंडरों को जांच के दायरे में लाया। इस दौरान विभिन्न स्थानों की 27 चाट-गुपचुप दुकानों में जांच की। अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि एक संस्थान में रंग मिलाए गए 20 लीटर गुपचुप पानी को नष्ट कराया गया। वहीं एक संस्थान में एक्सपायरी हो चुकी दो किलो से ज्यादा ब्रेड का भी नष्टीकरण किया गया। दो स्थानों से समोसा, चाट एवं दही बड़े के सैंपल जांच के लिए उठाए गए। खाद्य निरीक्षकों की टीम ने इस दौरान स्ट्रीट फूड वेंडरों को इस बात की विशेष ताकीद की कि वे साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें, खाद्य पदार्थों को तलने के लिए तेल का ज्यादा उपयोग न करें।

# निंदा प्रस्ताव का कानून पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं : अकबर

**छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार निंदा प्रस्ताव के लिए विशेष सत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित विशेष विधानसभा सत्र और निंदा प्रस्ताव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर ने कहा है कि निंदा प्रस्ताव का किसी भी कानून पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं होता और इसे केवल एक राजनीतिक संदेश देने के रूप में देखा जाना चाहिए।



उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक पारित न हो पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। श्री अकबर के अनुसार, महिला आरक्षण से जुड़ा कानून पहले ही वर्ष 2023 में "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के रूप में पारित हो चुका है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

### विपक्षी दलों पर गलत आरोप

मो. अकबर ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे की आड़ में विपक्षी दलों पर गलत आरोप लगा रही है। उनके मुताबिक, जब "मनमाने परिसीमन" की कोशिश सफल नहीं हुई तो गैर-भाजपा दलों पर विधेयक को रोकने का आरोप लगाया जा रहा है। पूर्व मंत्री ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 174 राज्यपाल को विधानसभा सत्र बुलाने का अधिकार देता है। हालांकि व्यवहार में यह निर्णय मंत्रिपरिषद की सलाह पर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो किसी विशेष मुद्दे पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुला सकती है। आमतौर पर ऐसे सत्र महत्वपूर्ण विधायी कार्य, बजट पारित करने, विश्वास मत या आपात परिस्थितियों में बुलाए जाते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विशेष सत्र बुलाए जा सकते हैं।

### निंदा प्रस्ताव प्रतीकात्मक

मो. अकबर ने कहा कि विधानसभा का उद्देश्य राज्य स्तर पर शासन चलाना और स्थानीय समस्याओं का समाधान करना है। उनके अनुसार, निंदा प्रस्ताव आमतौर पर नियमित सत्र में विपक्ष द्वारा सरकार की नीतियों या कार्यों की आलोचना के लिए लाया जाता है। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार है, जब निंदा प्रस्ताव के लिए विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। श्री अकबर के मुताबिक, "विधानसभा द्वारा पारित निंदा प्रस्ताव पूरी तरह प्रतीकात्मक होता है। इसका किसी कानून पर कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन यह एक राजनीतिक संदेश देने का माध्यम जरूर होता है।"

## भूख हड़ताल पर बैठी एनएसयूआई

# कुलसचिव ने कहा-पैसे देकर आप भी करा लें आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केलकर जयंती पर गर्म रहा कैंपस, तैनात रहा पुलिस बल
- भूख हड़ताल पर बैठी एनएसयूआई, एबीवीपी ने मनाई जयंती

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में केलकर जयंती पर विश्वविद्यालय का माहौल गर्माया रहा। एबीवीपी के संस्थापक और आरएसएस कार्यकर्ता रहे यशवंत केलकर के जयंती समारोह को लेकर एनएसयूआई में रोष नजर आया। जयंती समारोह का आयोजन एबीवीपी द्वारा रविवि ऑडिटोरियम में किया गया था। एनएसयूआई ने आयोजन स्थल प्रदान किए जाने पर आपत्ति जताते हुए विवि प्रशासन पर विचारधारा विशेष को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इसके विरोध में एनएसयूआई ने एक दिवसीय भूख हड़ताल (सत्याग्रह) किया। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर "आरएसएस-एबीवीपी गो बैक" के नारों के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन का घेराव किया और अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कुलसचिव से मुलाकात के दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई। कुलपति से मुलाकात नहीं होने पर ए न ए स यू आ ई कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव शैलेंद्र पटेल से मुलाकात की। विचारधारा विशेष को बढ़ावा दिए जाने के आरोप में कुलसचिव ने भुगतान की वह रसीद दिखाई जो एबीवीपी ने हॉल प्रदान करने के बदले प्रदान की थी। कुलसचिव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि वे आयोजन कराना चाहते हैं तो वे भी निर्धारित राशि प्रदान कर स्थल प्राप्त कर सकते हैं।

### यूजीसी नियमों का उल्लंघन

एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि एनईपी और यूजीसी के नियमों का उल्लंघन करते हुए विश्वविद्यालय परिसर को राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके माध्यम से विवि के शैक्षणिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। संगठन सदस्यों ने कहा, विश्वविद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान है, जहां छात्रों के मूलभूत मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए, न कि किसी एक विचारधारा को थोपने का प्रयास किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय शिक्षा का केंद्र है। इसे किसी एक विचार की राजनीति का अड्डा नहीं बनाना चाहिए। प्रदर्शन एनएसयूआई के विवि प्रभारी पुनेश्वर लहरे के नेतृत्व में हुआ। समर्थन में प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, जिलाध्यक्ष शांतनु झा, हेमंत पाल, अमित शर्मा, गावेश साहू, अनुज शुक्ला, अंकित बंजारे, महताब हुसैन, आलोक खरे सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# पुलिस ने चालानी कार्यवाही बंद नहीं की तो कांग्रेस सड़क पर करेगी विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर पुलिस की चालानी कार्यवाही, विधानसभा के विशेष सत्र पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, रायपुर पुलिस कमिश्नरी द्वारा जो जबरिया चालान लोगों को भेजे जा रहे हैं, वह अत्याचार है। बिना स्टॉपलाइन, जेब्रा क्रॉसिंग पार किए, जबरिया चालान भेजे जा रहे हैं। रोड के किनारे सब्जी ले रहे हैं तो चालान आ जाएगा।

यातायात के संकेतक मिट गए हैं और पुलिस उसके उल्लंघन पर कार्यवाही कर रही है। पुलिस अपराध नियंत्रण का अपना मूल काम भूल गई है। जनता जितनी अपराधों से परेशान थी, उतनी ही अब पुलिस के चालान से परेशान है। पुलिस वसूली मास्टर बन चुकी है। पुलिस ने चालानी कार्यवाही बंद नहीं की तो सड़क पर उतरकर विरोध किया जाएगा।

### विशेष सत्र जनता के धन की बर्बादी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 30 अप्रैल को सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है।



मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक मंच से घोषणा की है कि हम कांग्रेस की निंदा करने के लिए विशेष सत्र बुलाएंगे। हालांकि राजभवन ने सत्र का कारण महत्वपूर्ण शासकीय कार्य बताया है, लेकिन मुख्यमंत्री ने जो कारण बताया है, यदि वह सही है तो यह जनता के धन की बर्बादी है। जिस विषय पर लोकसभा में चर्चा हो चुकी है, उस पर विधानसभा में कैसे चर्चा की जा सकती है? यह संसद की अवमानना भी है। विधानसभा के साथ निगमों, पालिकाओं में भी चर्चा करने विशेष आमसभा बुलाई गई है, भाजपा अपने राजनैतिक एजेंडे के लिए संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

# मनरेगा श्रमिकों की ई-केवायसी में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

**58 लाख सक्रिय श्रमिकों में से 56 लाख का वेरिफिकेशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत श्रमिकों के ई-केवायसी कार्य में छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में 97.11 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-केवायसी पूर्ण कर लिया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है। खास बात ये है कि छत्तीसगढ़ ने केरलम, त्रिपुरा, मिजोरम जैसे छोटे राज्यों तथा कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों को भी पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने में छत्तीसगढ़ ने देशभर में अग्रणी स्थान हासिल किया है। प्रदेश में लगभग 56.87 लाख से ज्यादा मजदूरों की डिजिटल वेरिफिकेशन पूरी की गई है, जो भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। यह डिजिटल प्रक्रिया फर्जी जॉब कार्डों को हटाने और सीधे वास्तविक लाभार्थियों के बैंक खातों में मजदूरी पहुंचाने में मदद कर रही है। राज्य में योजनाबद्ध ढंग से अभियान चलाकर ई-केवायसी की प्रक्रिया को तेज किया गया, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को समयबद्ध रूप से इससे जोड़ा जा सका।

### योजनाओं का लाभ दिलाने प्रतिबद्ध : साय



रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुल 58 लाख से अधिक सक्रिय श्रमिकों में से 56 लाख से अधिक का ई-केवायसी सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता को दर्शाती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, राज्य सरकार गरीब और श्रमिक वर्ग के हितों के संरक्षण एवं उन्हें योजनाओं का पारदर्शी लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक : शर्मा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, यह उपलब्धि प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राम स्तर पर कार्यरत टीमों के समन्वित प्रयास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ई-केवायसी से न केवल फर्जीवाड़े पर रोक लगी है, बल्कि वास्तविक हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने में भी पारदर्शिता आई है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया कि शेष लंबित प्रकरणों को भी शीघ्र पूर्ण कर प्रदेश को 100 प्रतिशत ई-केवायसी के लक्ष्य की ओर अग्रसर किया जाए।

## शिक्षक संघ ने जनगणना समय में बदलाव या वैकल्पक व्यवस्था की मांग की

# 1 मई से जनगणना का घर-घर सर्वे, भीषण गर्मी में ड्यूटी पर शिक्षकों ने जताया ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना के पहले चरण की शुरुआत से ठीक पहले प्रदेश में जारी भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच शिक्षकों ने जनगणना कार्य में अपनी ड्यूटी लगाए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। शिक्षक संघ का तर्क है कि जब शासन खुद आम जनता के लिए गर्मी से बचाव की एडवाइजरी जारी कर रहा है तो ऐसी स्थिति में शिक्षकों को तपती धूप में घर-घर भेजना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

दरअसल राज्य में वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के अनुसार, मई की झुलसा देने वाली गर्मी में फील्ड वर्क करना जानलेवा साबित हो सकता है। शिक्षकों का कहना है कि डेटा संग्रह के लिए उन्हें घंटों पैदल चलना होगा, जिससे लू लगने और गंभीर रूप से बीमार होने का खतरा बना




रहेगा। संघ ने मांग की है कि या तो जनगणना के समय में बदलाव किया जाए या इस कार्य के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

### 1 करोड़ का बीमा और सुरक्षा की मांग

शिक्षक संघ ने केवल समय बदलने की ही मांग नहीं की है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से एक बड़ी मांग शासन के सामने रखी है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि इस चुनौतीपूर्ण मौसम में शिक्षकों से जनगणना कार्य कराया जाता है तो किसी भी अनहोनी की स्थिति में संबंधित शिक्षक के परिवार के लिए 1 करोड़ रुपए के बीमा का प्रावधान होना चाहिए।

### शिक्षा मंत्री ने दिया सेवा-शर्तों का हवाला

शिक्षकों की इस आपत्ति और मांगों पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की नियुक्ति की सेवा-शर्तों में राष्ट्रीय कार्यों के प्रति उनकी जवाबदेही पहले से शामिल है। शासन का मानना है कि जनगणना एक अनिवार्य और राष्ट्रीय हित का विषय है, जिसे समयसीमा के भीतर पूरा करना आवश्यक है। मंत्री ने संकेत दिए हैं कि सेवा-शर्तों के तहत शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही संभव नहीं है।

### सेल्फ गणना की प्रक्रिया जारी

छत्तीसगढ़ में 16 अप्रैल से 'सेल्फ गणना' की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन एक मई से जमीनी स्तर पर घर-घर जाकर सर्वे का काम शुरू होना है। जनगणना विभाग और प्रशासन इसे देश के भविष्य के लिए अनिवार्य मान रहे हैं। वहीं शिक्षक इसे मानवीय दृष्टिकोण से देखने की अपील कर रहे हैं।

# दुकानों में डस्टबिन नहीं, गंदगी फैलाने पर 39 दुकानदारों से वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 2 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को रेलवे स्टेशन मार्ग से पुराना बस स्टैंड पंडरी तक दुकानों की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों में डस्टबिन नहीं मिलने और दुकान की गंदगी बाहर फैलाने की जनशिकायत सही मिली। सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर 39 दुकान संचालकों पर 10 हजार रुपए का ई-चालान किया गया। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे के मार्गदर्शन और जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की मौजूदगी में टीम ने स्वच्छता दीदियों के सहयोग से दुकानों की साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की। जिसमें 39 दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने और गंदगी फैलाने जाने पर जुर्माना किया गया। संबंधित दुकानदारों को नियमित रूप से दुकान की सफाई पर ध्यान देने और कूड़े के लिए डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने की हिदायत दी गई।

## रेलवे स्टेशन से पंडरी तक चलाया अभियान




## तीन वार्डों में सफाई का निरीक्षण, कम संख्या में मिले सफाईकर्मी

*रायपुर। नगर निगम जोन 1 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 के अंतर्गत सोमवार को तीन वार्डों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया, जिसमें निर्धारित संख्या के अनुरूप सफाई कर्मचारी नहीं मिलने पर सफाई ठेकेदारों पर 5-5 हजार रुपए अर्थदंड लगाया गया। कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलने वाले वार्ड में संत कबीरदास वार्ड, यतियतन लाल वार्ड और नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड शामिल हैं। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 1 के 3 वार्डों में सोमवार को सफाई व्यवस्था की धरातल पर स्थिति जानने जोन 1 कमिश्नर ने औचक निरीक्षण किया, जिसमें तीनों वार्ड में निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कामगार ड्यूटी पर मिले। सफाई कार्य में लापरवाही और कम संख्या में सफाई कर्मचारी पाए जाने पर संत कबीरदास वार्ड के सफाई ठेकेदार मेसर्स आदित्य इंटरप्राइजेस, यतियतन लाल वार्ड के सफाई ठेकेदार मेसर्स वीएस कंस्ट्रक्शन और कन्हैयालाल बाजारी वार्ड के सफाई ठेकेदार मेसर्स अक्षय इंटरप्राइजेस को तत्काल जोन 1 के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नोटिस जारी कर संबंधित तीनों सफाई ठेकेदारों पर 5-5 हजार यानी कुल 15 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियारी की तैयारी के संबंध में किए गए औचक निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा, सहायक अभियंता शरद देशमुख, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन की उपस्थिति रही।*

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से नायब तहसीलदारों ने की भेंट



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से चयनित होकर विभिन्न जिलों में सेवा दे रहे नायब तहसीलदारों ने सौजन्य भेंट की। ये सभी वर्तमान में राज्य प्रशासनिक अकादमी निमोरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्यपाल श्री डेका ने नायब तहसीलदारों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जीवन में जनसेवा का महत्वपूर्ण अवसर मिला है। यहां तक पहुंचने के लिए सभी ने कठिन परिश्रम किया है, इसलिए अब पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्व निभाने होंगे। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में संवेदनशीलता सबसे महत्वपूर्ण गुण है। आम जनता अपनी समस्याओं के समाधान की अपेक्षा लेकर प्रशासन के पास आती है। ऐसे में हर व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनना और उसके निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास करना अधिकारियों का कर्तव्य है। राज्यपाल ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान तुरंत संभव नहीं होता, लेकिन सकारात्मक सोच और ईमानदार प्रयास हमेशा होना चाहिए। उन्हें जो अधिकार मिले हैं, उनका सदुपयोग जनता के हित में करें।

### गोरक्षा को लेकर शिवसेना का प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज

**रायपुर।** शिवसेना द्वारा प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देशानुसार प्रदेशभर में गोरक्षा के मुद्दे को लेकर व्यापक जन आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को रायपुर में शिवसेना के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े ने बताया कि गोमाता भारतीय संस्कृति, आस्था एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। बावजूद इसके वर्तमान समय में गोहत्या, तस्करी एवं गोवंश की उपेक्षा लगातार बढ़ रही है, जो अत्यंत चिंताजनक विषय है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश सरकार को तत्काल ठोस एवं कड़े कदम उठाने चाहिए। शिवसेना नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा शीघ्र ही इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्यवाही नहीं की जाती है तो शिवसेना आने वाले समय में और भी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में एचएन सिंह पालीवार, कृष्ण यादव, कामगार संतोष मार्कण्डेय, कामगार बल्लू जांगड़े, कमलाकर यादव, नरेंद्र प्रजापति, सूरज साहू, संजू साहू आदि शामिल थे।

### निधन

**सत्यप्रकाश पांडेय**



**रायपुर।** पचपेड़ी नाका निवासी सत्यप्रकाश पांडेय का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशाघाट के लिए निकलेगी।

## गर्मी के सीजन में बगैर अनुमति नहीं कर सकेंगे नलकूप खनन

# 15 जुलाई तक नलकूप खनन पर प्रतिबंध, दो दर्जन से अधिक आवेदन, इनमें चार को ही अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के सीजन में लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन ने नलकूप खनन पर 15 जुलाई तक प्रतिबंध लगा रखा है। हालांकि ये प्रतिबंध शासकीय-अर्द्धशासकीय एवं नगरीय निकायों को पीने के पानी के लिए अपने क्षेत्र अधिकार सीमा क्षेत्र में नलकूप खनन पर लागू नहीं है, लेकिन व्यावसायिक काम्प्लेक्स, निजी भवनों, निजी अस्पतालों सहित अन्य सभी पर लागू है। इस आदेश के तहत अब नलकूप खनन कराने के लिए लोगों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जोन कार्यालय, निगम मुख्यालय से आवेदन स्वीकृत कराने के बाद प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। इधर प्रशासन से मिले आंकड़ों के अनुसार, जब से प्रतिबंध लगा है, तब से प्रशासन के समक्ष दो दर्जन से अधिक आवेदन नलकूप खनन के लिए आ चुके हैं, जिसमें से मात्र 4 आदेवकों को ही अनुमति मिल पाई है। हालांकि पूरे जिले में नलकूप खनन के लिए 100 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। गर्मी का सीजन चल रहा है, ऐसे में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई इलाकों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। इन दोनों क्षेत्रों के कई इलाकों में पानी की समस्या को देखते हुए नगर निगम और ग्राम पंचायतों के जरिए पानी टैंकरों की व्यवस्था कर जलापूर्ति की जा रही है। राजधानी रायपुर में भी ऐसी कई कॉलोनियां एवं बस्तियां हैं, जहां टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में तिल्दा, अभनपुर, धरसींवा एवं आरंग क्षेत्र के कई गांवों में पानी की समस्या को देखते हुए टैंकरों से आपूर्ति की जा रही है।



फाइल फोटो

### पुराने नलकूप-हैंडपंप सूखने से बचाने नए खनन पर रोक

गर्मी के दिनों में जहां पहले से ही भूजल स्तर काफी नीचे चला जाता है, जिससे पुराने नलकूप एवं हैंडपंपों से पानी भी कम निकलता है। ऐसे में नए नलकूप खनन से पुराने नलकूप एवं हैंडपंपों के सूखने की संभावना रहती है। इससे उस क्षेत्रों में पानी संकट और गहरा सकता है।

### रिपोर्ट के आधार पर एडीएम-एसडीएम दे रहे अनुमति

रायपुर नगर निगम सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए नए नलकूप खनन की अनुमति अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा दी जा रही, वहीं रायपुर राजस्व अनुभाग के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए एसडीएम रायपुर, आरंग राजस्व अनुभाग क्षेत्र के लिए एसडीएम आरंग, अभनपुर राजस्व अनुभाग के लिए एसडीएम अभनपुर और तिल्दा राजस्व अनुभाग के लिए एसडीएम द्वारा अनुमति दी जा रही है।

### अनुमति लेने की प्रक्रिया जटिल, छूट रहा पसीना

शहरी हो या ग्रामीण इलाके, कहीं भी पानी की समस्या गंभीर न हो। इसके मद्देनजर प्रशासन ने नए नलकूप खनन की अनुमति लेने की प्रक्रिया को सरलीकरण की जगह जटिल किया है, ताकि कोई भी न ही जल्दी से न आवेदन करें और न ही अनुमति दी जाए। प्रशासनिक आदेश के तहत नए नलकूप खनन के लिए जोन कार्यालय, निगम मुख्यालय तथा पीएचई विभाग से पहले अनुमति लेनी होगी। आवेदन करते समय कारण ठोस या जनहित से जुड़ा होना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को नलकूप खनन के जरिए पानी मिल सके। इसके बाद भी कई लोग भवन निर्माण जैसे कार्य के लिए आवेदन कर रहे हैं। अभी तक जितने आवेदन आए हैं, उनमें ज्यादातर ऐसे ही हैं।

### कंस्ट्रक्शन पर असर

*नए नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाने का असर अब मकान, भवन, दुकान सहित अन्य निर्माण कार्यों पर भी पड़ने लगा है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई इलाकों में बिल्डरों के फ्लैट्स, स्वतंत्र मकान निर्माण के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इसके अलावा आम लोग भी अपनी जमीन पर मकान, दुकान आदि का निर्माण करा रहे हैं या कराने की तैयारी में हैं। इन कार्यों में पानी की आवश्यकता है, जिसके लिए नलकूप खनन कराने के लिए आवेदन भी किए जा रहे हैं, लेकिन अनुमति नहीं मिलने से निर्माण कार्य प्रभावित या अटक गए हैं।*

### *सेवाकार्य-जनहित के लिए ही अनुमति*

*आवश्यक सेवाकार्य या जनहित से जुड़े आवेदनों पर ही नलकूप खनन की अनुमति दी जा रही है। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक आवेदन आए हैं, जिनमें से 4 को ही अनुमति दी है।*

*- **उमाशंकर बंदे**, एडीएम रायपुर*

# सेवानिवृत्ति दिवस पर ही बकाया भुगतान

### 'प्रोजेक्ट सेकंड इनिंग' विषय पर प्राचार्यों की दो दिवसीय कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेवानिवृत्ति होने जा रहे शासकीय कर्मचारियों को अब अपनी बकाया राशि के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जुलाई 2025 में प्रोजेक्ट सेकंड इनिंग प्रारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को उसी दिन समस्त स्वत्वों का भुगतान सुनिश्चित करने का प्रावधान है। इसके उचित क्रियान्वयन के लिए सोमवार से दो दिवसीय कार्यशाला प्रोजेक्ट सेकंड इनिंग पर आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्यों के लिए यह जिला स्तरीय दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभनपुर के केंद्री स्थित भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रातः 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक इसका संचालन हो रहा है।

### अपडेट रखें सभी अभिलेख

प्रथम दिवस 27 अप्रैल को रायपुर संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव ने समस्त प्राचार्यों को अपनी शालाओं में समस्त अभिलेखों का संधारण एवं अद्यतन स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर श्री हिमांशु भारतीय ने शाला प्रबंधन एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए प्राचार्यों की कठिनाइयों को सुना और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यशाला में लोक शिक्षण संचालनालय के वरिष्ठ लेखा परीक्षक अमर सिंह बिसेन ने कार्यालयीन कार्य के अंतर्गत अवकाश नियम, पेंशन नियम, सेवानिवृत्ति पश्चात स्वत्वों के भुगतान, यात्रा भत्ता नियम, बजट, एमईआर आदि विषयों की विस्तृत जानकारी दी। बीआईटी केन्द्री के प्राचार्य आरके मिश्रा, जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल के प्राचार्य तथा जिला शिक्षा कार्यालय से मुख्य लिपिक संजय श्रीवास, टीपेन्द्र बैस, तरूण साहू, दीपक नायडू, अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# रेलवे की 'जल-संजीवनी.. 44 तालाबों का किया पुनरुद्धार, अब प्यास बुझा रहे पुराने जलस्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### रेलवे ने सूख चुके जलस्रोतों को फिर से जिंदा करने उठाया बीड़ा

रेलवे ने सूख चुके जलस्रोतों को फिर से जिंदा करने का बीड़ा उठाया है, जिसे लेकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने भी देश में अच्छी मिसाल पेश की है। भारतीय रेलवे ने अपनी जमीन और उसके आसपास मौजूद उन 109 पुराने तालाबों और पोखरों को फिर से जिंदा किया है, जो या तो पूरी तरह सूख गए थे या अतिक्रमण का शिकार हो चुके थे। इस क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सबसे शानदार काम करते हुए अकेले 44 तालाबों का पुनरुद्धार किया है। वहीं दक्षिण मध्य रेलवे 34 तालाबों को नया जीवन देकर इस सूची में दूसरे स्थान पर है।

इन तालाबों के ठीक होने से सिर्फ रेलवे को ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों और आम लोगों को भी सीधा फायदा पहुंच रहा है। इससे इलाके का भूजल स्तर सुधरा है और बाढ़ व सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में भी बड़ी मदद मिल रही है। गर्मी में इन तालाबों का पानी लोगों के काम आ रहा है।



### पानी की बर्बादी पर पैनी नजर

पानी का इस्तेमाल कहां जरूरत से ज्यादा हो रहा है और कहां पाइप लीक कर रहे हैं, इसका सटीक पता लगाने के लिए रेलवे लगातार जल-जांच कर रही है। 2015-16 से अब तक रेलवे ने 1,944 बार पानी का ऑडिट किया है। अकेले साल 2025-26 में 310 ऑडिट किए गए। इस काम में दक्षिण मध्य रेलवे ने सबसे ज्यादा (442) बार पानी की जांच कर पानी की लक्षित बचत को मुमकिन बनाया है।

### पानी साफ करने लगाए 185 वाटर री-साइकिलिंग प्लांट

तालाबों को संवारने के अलावा, पानी बचाने और उसकी बर्बादी रोकने के लिए भारतीय रेलवे कई और अहम मोर्चों पर भी काम कर रही है। मानसून के दौरान बारिश के पानी को सहेजने के लिए रेलवे ने पटरियों के आसपास खास इंतजाम किए हैं। ट्रेनों और कोच की धुलाई में हर दिन लाखों लीटर पानी खर्च होता है। इस गंदे पानी को साफ करके फिर से इस्तेमाल के लायक बनाने के लिए रेलवे ने पूरे देश में 185 'वाटर री-साइकिलिंग प्लांट' लगाए हैं। 2015-16 से पहले रेलवे के पास ऐसे सिर्फ 21 प्लांट थे। पिछले एक साल में ही 26 नए प्लांट लगाए गए हैं। इसमें उत्तर रेलवे 27 प्लांट के साथ सबसे आगे चल रहा है। इससे ताजे और पीने योग्य पानी की भारी बचत हो रही है।

## बिजनेस साइट

### संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ की पहली टेली-रोबोटिक कैंसर सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न



**रायपुर।** मध्यभारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करते हुए संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल ने छत्तीसगढ़ की पहली टेली-रोबोटिक कैंसर सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न कर इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि राज्य में आधुनिक चिकित्सा तकनीक के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह जटिल रोबोटिक रेडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी सर्जरी रायपुर के एक प्रोस्टेट कैंसर मरीज पर की गई, जिसमें गुरुग्राम और रायपुर को रियल-टाइम टेली-सर्जरी तकनीक से जोड़ा गया। सर्जरी का संचालन गुरुग्राम से वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. अमिताभ सिंह ने किया, जबकि रायपुर में डॉ. अर्पण चतुर्मोथा और डॉ. घनश्याम हटवार की टीम मौजूद रही। विशेषज्ञों के अनुसार, टेली-रोबोटिक सर्जरी हाई-स्पीड इंटरनेट, रोबोटिक्स और विशेषज्ञ सर्जिकल तकनीक का समन्वय है, जिससे दूरस्थ स्थानों पर भी विश्वस्तरीय इलाज संभव हो पाता है। संस्थापक डॉ. युसुफ मेमन ने कहा कि यह उपलब्धि मरीजों को बड़े शहरों की निर्भरता से राहत देकर बेहतर, सुलभ और सटीक कैंसर उपचार का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### चीन में जीएमओ विवाद पर चावल निर्यातकों की चिंता, केंद्र से हस्तक्षेप की मांग

**रायपुर।** चीन को निर्यातित भारतीय चावल में कथित जीएमओ (जेनेटिकली मॉडिफाइड) तत्व पाए जाने के आरोपों के बीच छत्तीसगढ़ के द राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ (टीआरईएसीजी) ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। एसोसिएशन ने कहा कि चीनी बंदरगाहों पर कई भारतीय चावल खेपों को रोका या अस्वीकार किया जा रहा है, जिससे निर्यातकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

टीआरईएसीजी ने स्पष्ट किया कि आईसीएआर की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार भारत में किसी भी प्रकार का जीएमओ चावल व्यावसायिक खेती के लिए स्वीकृत नहीं है और देश से निर्यातित सभी चावल पूर्णतः नॉन-जीएमओ हैं। एसोसिएशन ने चीन के जीएसीसी के साथ उच्चस्तरीय वार्ता, निलंबित कंपनियों की बहाली और प्रभावित निर्यातकों को राहत देने की मांग उठाई है। टीआरईएसीजी ने कहा कि भारत की वैश्विक साख और निर्यात हितों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार का त्वरित कदम जरूरी है।

### :: आम सूचना ::

जारी दिनांक 24.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेहा अग्रवाल पति श्री सौरभ अग्रवाल निवासी इंदिरा पूरम, गाजियाबाद उ.प्र. द्वारा आवेदित ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 11 राजस्व निरीक्षक मंडल केंद्री स्थित भूमि खसरा नंबर 504/1 रकबा क्रमशः 0.72 हेक्टेयर भूमि का न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर आदेश दिनांक ....... के परिपालन में दिनांक 30.04.2026 को समय अपरान्ह 03:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन हेतु जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 4 के खिलोरा स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. केन्द्री, अभनपुर (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### 15 दिवसीय दिव्य दार्शनिक प्रवचन शुरू

**रायपुर।** अमलीडीह महाराणा प्रताप चौक के पास भगवान झूलेलाल मूर्ति के बाजू के ग्राउंड पर पंद्रह दिवसीय 26 अप्रैल से 10 मई तक दिव्य दार्शनिक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 6.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक जारी रहेगा। इस प्रवचन के पहले दिन श्रीश्वरी देवी ने मानव देह के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वेद, रामायण, पुराण, गीता, गुरुग्रंथ साहिब आदि ग्रंथों से प्रमाण देते हुए कहा कि चौरासी लाख प्रकार के जीवों में मनुष्यों का शरीर ही सबसे श्रेष्ठ है, इस मनुष्य शरीर को पाने के लिए स्वर्ग के देवी–देवता भी तरसते हैं। इसका कारण उन्होंने बताया कि मनुष्य का शरीर ज्ञान प्रधत्व और पुरुषार्थ युक्त है, अर्थात इस मनुष्य शरीर से किए गए कर्म का फल मिलता है।

### भीषण गर्मी में पशुओं की देखभाल के लिए एडवाइजरी जारी

**रायपुर।** गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान एवं लू (हीट वेव) के प्रभाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड ने पशुपालकों एवं आम नागरिकों के लिए आवश्यक एडवाइजरी जारी की हैं। इसके तहत कहा गया कि अत्यधिक गर्मी में पशुओं को प्रत्यक्ष ताप (डायरेक्ट हीट) के संपर्क से बचाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इस मौसम में पशु निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक एवं गर्म सतहों से जलने जैसी समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि पशुओं को दिनभर छाया उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त आश्रय की व्यवस्था की जाए, साथ ही पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए पशुओं को नियमित रूप से स्वच्छ एवं ताजा पानी उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए चौड़े मुंह वाले ऐसे पात्रों का उपयोग करने की सलाह दी गई है, जिन्हें पशु आसानी से पलट न सकें।

# सही दवा शुद्ध आहार... व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में एफडीए की जांच, 15 दिन चलेगा अभियान

## पहले दिन कास्मेटिक प्रोडक्ट जांच दायरे में, खरीदी-बिक्री पर भी विशेष नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शासन के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य पदार्थ एवं जरूरी दवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए जांच अभियान चलाया है। 'सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम पर जांच अभियान 27 अप्रैल 11 मई तक चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन औषधि निरीक्षकों की टीम ने दवाओं के साथ बाजार में बिकने वाली कास्मेटिक सामग्री की जांच की। वहीं खाद्य निरीक्षकों की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में बिकने वाले स्ट्रीट फूड को जांच दायरे में लाया। गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को 15 दिन अभियान चलाने के निर्देश दिए थे।

इसके तहत खाद्य एवं औषधि निरीक्षकों की अलग-अलग टीम बनाकर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर जांच करने और कारोबारियों को नियमों का पालन करते हुए खरीदी-बिक्री के निर्देश दिए थे। इस दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को अपने जांच के दौरान राजस्व और पुलिस विभाग की मदद भी ली जा रही है। साथ ही जांच की नियमित जानकारी एफडीए मुख्यालय को भेजने की हिदायत दी गई है।

### फेस वॉश, टेलकम पावडर जांच के दायरे में

अभियान के पहले दिन औषधि निरीक्षक टेकचंद धिरहे, ओमप्रकाश यादव, ईश्वरी नारायण सिंह, सुरेश कुमार साहू, प्रीति उपाध्याय और हंसा साहू की टीम ने कास्मेटिक सामग्री को जांच के दायरे में लिया। टीम राजधानी के बंजारी रोड, रामदेव मार्केट, गोल बाजार और बंजारी चौक के मेसर्स जवाहर फैंसी, गौरव ट्रेडर्स, राजकमल स्टोर्स, राजा फैंसी, श्री शुभम इमिटेशन, मेसर्स अजय फैंसी स्टोर्स, जय गुरुदेव स्टोर्स में पहुंचकर जांच की। उनके जांच दायरे में फेस वॉश, फेशियल जेल, सनस्क्रीन लोशन, हेयर रिमूवर क्रीम, टेलकम पाउडर और बेबी पाउडर शामिल थे। प्रतिष्ठान के संचालनकर्ता को निर्देशित किया गया कि वे सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री का क्रय बिना बिल के न करें और लेबल पर अंकित निर्देशों का पालन करें।



### जांच के बाद कार्रवाई भी

खाद्य एवं औषधि की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए टीम को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान कमियों में सुधार लाया जाएगा और किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। सोमवार से शुरू हुआ अभियान 11 मई तक चलेगा।

*- दीपक अग्रवाल, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन*

## नए पोर्टल में जानकारी अपडेट करने में लापरवाही पर 59 अस्पतालों पर हुई थी कार्रवाई

# गलती सुधारने वाले पचास निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना में मिली री-एंट्री

## सीख नहीं लेने वालों का भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फालोअप

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना से करीब 20 दिन पहले निलंबित किए गए निजी अस्पतालों की धीरे-धीरे योजना में वापसी होने लगी है। लगभग पचास अस्पतालों ने उन गलतियों को सुधार लिया है, जिनकी वजह से उन पर कार्रवाई हुई थी। अस्पतालों को योजना से संबंधित नए पोर्टल में जानकारी अपडेट करनी थी। जिन्होंने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है, उनका भुगतान अटका हुआ है।

निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत बनाए गए हास्पिटल इम्पैनल्ड माड्यूल (एचईएम-2.0) में चिकित्सकों सहित अन्य जानकारी अपडेट करनी थी। सभी अस्पतालों के लिए यह अनिवार्य था, इसलिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें काफी वक्त दिया गया। जानकारी अपडेट करने में राज्य के 59 अस्पतालों ने कोताही बरती। बार-बार वक्त देने के बाद भी उनकी तरफ से गंभीरता नहीं दिखाने पर स्टेट नोडल एजेंसी ने 20 दिन पहले बड़ी कार्रवाई की थी। इसमें आवेदन की जरूरत ही नहीं समझने वाले 21 और आवेदन के दौरान आने वाली क्वेरी को पूर्ण नहीं करने वाले 12 यानी कुल 33 अस्पतालों को योजना से निलंबित कर दिया था। इस दौरान 26 हास्पिटल के अपूर्ण आवेदन की वजह से भुगतान रोका गया था। कार्रवाई के दौरान इन अस्पतालों को गलती सुधारने का मौका दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, करीब 50 अस्पतालों ने जिला कार्यालय जाकर अपनी गलती सुधारी और इम्पैनल्ड लिस्ट में पुनः शामिल हो गए हैं। वहीं 9 हास्पिटल ने इस ओर अब तक नहीं दिया है, जिसकी वजह से उनका भुगतान अब तक अटका हुआ है। योजना से जुड़े सूत्रों का कहना है कि निजी अस्पतालों को अपनी जानकारी अपडेट करनी ही होगी और ऐसा नहीं करने तक पोर्टल पर उनका लॉगिन ही नहीं होगा।


आयुष्मान का फॉल्स ट्रिगर, छग के निजी अस्पतालों के लिए आफत बनेंगे ओडिशा के मरीज
काफी संख्या में ओडिशा के मरीज
एमबीबीएस डाक्टर कम क्लेम आटो रिजेक्ट में

### शिकायतें कम नहीं हो रहीं

दूसरी ओर आयुष्मान योजना के हितग्राहियों के इलाज के दौरान निजी अस्पतालों में परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। कई बड़े अस्पताल लोगों के इलाज के दौरान कैश को प्राथमिकता देते हैं और आयुष्मान योजना उनका अंतिम विकल्प होता है। इसके अलावा अस्पतालों में नकद राशि लेने की समस्या भी अक्सर सामने आती है। अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पिछले कुछ समय से अस्पतालों को आयुष्मान योजना के भुगतान की समस्या भी सामने आने लगी है।

### कार्ड बनाने चलाएंगे अभियान

1 मई से राज्य में मनाए जाने वाले सुशासन तिहार के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। राज्य में 95 फीसदी राशन कार्डधारी इस योजना के हितग्राही बनने के लिए पंजीकृत हो चुके हैं। शेष पांच प्रतिशत लोगों का कार्ड आयोजित होने वाले समस्या समाधान शिविर के दौरा बनाया जाएगा। राज्य में स्वास्थ्य योजना के तहत एपीएल को 50 हजार, बीपीएल को 5 लाख तथा 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को वय वंदना योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का व्यक्तिगत निशुल्क उपचार उपलब्ध करा रही है।

# सुविधाओं का पता नहीं, पूरा ध्यान चालान पर, औसतन ढाई हजार वाहन चालकों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रोड में लगे ठेले–खोमचे से सामान लेने वाले चालकों पर भी नो पार्किंग की कार्रवाई

मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई से नाराज लोगों ने आरोप लगाने शुरू कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक नियमों का पालन कराने जरूरी सुविधाओं का विस्तार किए बगैर ट्रैफिक पुलिस मेट्रो सिटीज की तर्ज पर ट्रैफिक उल्लंघन के मामले बनाकर चालानी कार्रवाई कर रही है। लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस को पहले अपनी व्यवस्था में सुधार करना चाहिए, उसके बाद जो ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर रहे, उनके खिलवाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

राजधानी के प्रमुख चौक-चौराहों को छोड़ शेष अन्य चौक चौराहों पर जेब्रा क्रॉसिंग नहीं होने की वजह से वाहन चालक अपनी गाड़ी को थोड़ा आगे कर देते हैं, इतने में लोगों के पास रेड सिग्नल जंप का चालान भरने के मैसेज पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही कई चौक-चौराहों में रेड सिग्नल के पास यलो सिग्नल आने की जगह सीधे ग्रीन सिग्नल हो रहे। इस स्थिति में यलो सिग्नल नहीं होने पर वाहन चालकों पर सिग्नल जंप करने को लेकर जुर्माना कार्रवाई की जा रही है।

### इनकी क्या गलती

शहर के प्रमुख बाजार में ज्यादातर दुकान संचालक अपनी दुकान का सामान रोड तक निकाल देते हैं। ऐसे में सामान खरीदने जाने वाले खरीदार अपनी गाड़ी दुकान के सामने बने रोड मार्किंग के बाहर पार्क करने मजबूर होते हैं। इस स्थिति में ट्रैफिक पुलिस रोड मार्किंग के बाहर पार्क गाड़ी की फोटो खींचकर आईटीएमएस के पास भेजकर ऑनलाइन जुर्माना जनरेट कर मैसेज भेज देती है।

### सालभर की कार्रवाई तीन माह में

ट्रैफिक पुलिस की सर्वाधिक कार्रवाई बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ हो रही है। ट्रैफिक पुलिस ने दो वर्ष पूर्व जनवरी से दिसंबर 2024 में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ 20 हजार कार्रवाई की थी। चालू वर्ष की पहले तिमाही में ट्रैफिक पुलिस ने बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वाले 20132 दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान बना दिए।

### स्पीड लिमिट सूचक नहीं, फिर भी कट रहा चालान

ओवरस्पीड वाहन चलाने वालों को आगाह करने के लिए विभाग को अलग से सूचना बोर्ड लगाना होता है। राजधानी के शहरी क्षेत्र में कहीं भी स्पीड लिमिट का बोर्ड नहीं लगाया गया है। बावजूद इसके तीन महीने में ओवरस्पीड के 3 हजार 33 वाहन चालकों के खिलाफ ई-चालान काटे गए हैं। दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में स्पीड नियंत्रित करने बकायदा बोर्ड लगे रहते हैं। स्पीड लिमिट के ऊपर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाती है।

# ग्रामीण क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाने तैयार करें कार्ययोजना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना हेतु गठित स्टियरिंग समिति की बैठक

मुख्य सचिव विकासशील ने कहा, राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाने और ग्राम पंचायतवार कार्ययोजना बनाएं। राज्य में जलवायु परिवर्तन कार्यक्रमों के लिए सीएसआर मद की उपलब्ध राशि का उपयोग करना प्रस्तावित करें। छत्तीसगढ़ राज्य की जलवायु परिवर्तन पर कार्ययोजना के लिए गठित स्टियरिंग समिति की बैठक सोमवार को मंत्रालय में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना के क्रियान्वयन के संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, नगरीय प्रशासन, परिवहन, वाणिज्य एवं उद्योग, खनिज, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, महिला एवं बाल विकास और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों अपने-अपने विभाग की जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र, राज्य की जलवायु परिवर्तन पर कार्ययोजना, राज्य में जलवायु परिवर्तन विषयक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और राज्य जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण के गठन और राज्य में कार्बन क्रेडिट आधारित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने जलवायु परिवर्तन की पृष्ठभूमि, जलवायु परिवर्तन के कारक और छत्तीसगढ़ राज्य में भी जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव के संबंध में जानकारी दी। बैठक में पीसीसीएफ श्रीनिवास राव, एपीसीसीएफ सुनील मिश्रा शामिल हुए।

### वृक्ष-आवरण में देश में प्रथम स्थान पर रहा छग

छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में जलवायु परिवर्तन से संबंधित विविध कार्य किए जा रहे हैं। इनमें मुख्यतः वृक्षारोपण कार्य किए जा रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत करीब 7 करोड़ पौधे रोपे जा चुके हैं। किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत 3 करोड़ 68 लाख पौधारोपण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आईएसएफआर 2025 के अनुसार, राज्य के वन एवं वृक्ष-आवरण में सर्वाधिक वृद्धि 683 किलोमीटर की गई है, जो देश में प्रथम स्थान पर रहा है।

### जैविक खेती को बढ़ावा

अधिकारियों ने बताया कि राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2025-2026 में लगभग 55 हजार 50 हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती की गई। राज्य में 300 से अधिक बांधों की हाईड्रोलॉजिकल प्लानिंग के साथ 24 वृहद एवं मध्यम जलाशयों का सेडिमेंटेशन सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। राज्य में जलवायु परिवर्तन ज्ञान केंद्र निर्मित किए जाने के लिए अधिकारियों ने अपने विचार रखे।

## पेज 11 के शेष ...

### 50 लाख रुपए कैश ..

उसके जीजा भुनेश्वर साहू, बहन सविता साहू के अलावा बिरगांव पार्षद ओमप्रकाश साहू, दुर्ग नंदनी के सरपंच विष्णु प्रसाद पटेल, टीकम पटेल तथा कन्हैया राणा को गिरफ्तार किया है।

25 अप्रैल शनिवार को कृष्णा अपने मालिक के अकाउंटेट के साथ बैंक में पैसा जमा करने गया था। बैंक बंद होने की वजह से अकाउंटेट पैसे लेकर वापस लौट रहा था। इस दौरान ड्राइवर ने पान मसाला खाने की तलब लगने की बात कहकर अकाउंटेंट को गुटखा लाने भेजा। जैसे ही अकाउंटेंट पान मसाला लेने के लिए गया, उसी दौरान कृष्णा कार तथा नोटों से भरा बैग लेकर फरार हो गया।

***सरपंच ने ब्लैकमेल कर मांगे 10 लाख :*** कृष्णा के पास 15 लाख रुपए होने की जानकारी मिलने के बाद विष्णु तथा टीकम ने उसे ब्लैकमेल करते हुए दस लाख रुपए मांगे। पैसे नहीं देने पर पुलिस को सूचना देने की धमकी देने लगे। विष्णु पुलिस को बुलाने की बात कहकर नंदनी से निकल गया। इसके बाद कृष्णा ने टीकम को एक लाख रुपए देकर सुरक्षित ठिकाने पर छोड़ने की बात कहकर अपने झांसे में लिया और नंदनी छोड़ वापस रायपुर लौट आया।

***पार्षद ने फोटो खींचकर टीआई के पास भेजी :*** कृष्णा से पैसे मिलने के बाद उसका जीजा किसी तरह की गड़बड़ी होने की आशंका के चलते उक्त रकम अपने परिचित पार्षद के पास लेकर गया।

पार्षद ओमप्रकाश साहू ने भुवनेश्वर को पुलिस की हर मुसीबत से बचाने का झांसा देकर पुलिस के साथ सेटिंग होने की बात कहते हुए रकम अपने पास रख ली। पैसे हासिल करने के बाद पार्षद ने उक्त रकम में से 15 लाख रुपए का फोटो खींचकर खमतराई टीआई के पास भेज दी और शेष 20 लाख रुपए अपने पास छिपाकर रख लिए।

### गर्मी का लंबा दौर, 16 दिन से 40 डिग्री का टार्चर, अभी भी लू के हालात

**रायपुर।** करीब तीन साल बाद राजधानी में इस बार गर्मी का लंबा दौर चल रहा है। पिछले 16 दिन से यहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम नहीं हुआ है। दिन की तेज धूप के बाद रात में भी चार डिग्री के ज्यादा तापमान से लोगों को गर्मी सहनी पड़ रही है। राज्य के मध्य इलाके में अभी भी लू के हालात बने हुए हैं। सोमवार को हवा की दिशा में हुए बदलाव की वजह से जांजगीर, रायगढ़ तथा बिलासपुर के कुछ इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी हुई। जगदलपुर समेत बस्तर में हालात सामान्य रहे, मगर मध्य इलाका गर्मी से झुलसता रहा। मौसम वेधशाला लालपुर में पिछले दो दिन से 44-45 डिग्री की भीषण गर्मी पड़ रही थी, जिससे सोमवार को थोड़ी राहत मिली। यहां छाए हल्के बादल और हवा की गति सामान्य से अधिक होने की वजह से तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट हुई।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
93404-44755

25 सालों का विश्वास
शीतल कूलर के निर्माता
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम ठंडा करने की गारंटी फीटिंग के साथ
गांधी चौक मंहत कॉलेज नगर निगम चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## खबर संक्षेप

### अतिथि शिक्षकों के लिए 13.81 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान हेतु 13.81 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से राज्य के कुल एक हजार 535 अतिथि शिक्षकों को 4-5 माह की अवधि के लिए 20 हजार रुपए प्रतिमाह की दर से मानदेय का भुगतान किया जाएगा। वित्त नियंत्रक लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिलेवार आवंटन के अनुसार बलरामपुर जिले को सर्वाधिक 1.98 करोड़ रुपए अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार कोण्डागांव जिला को 1.27 करोड़ रुपए, बस्तर के लिए 1.20 करोड़ रुपए, सूरजपुर के लिए 1.17 करोड़ रुपए एवं कांकेर के लिए 1.13 करोड़ रुपए की राशि अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य पर एम्स में सम्मेलन

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के मनोरोग विभाग द्वारा वर्ल्ड एसोसिएशन फॉर डायनेमिक साइकियाट्री (इंडिया चैप्टर) का द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का आयोजन छत्तीसगढ़ फिजियाट्रिक सोसायटी, वर्ल्ड एसोसिएशन फॉर सोशल साइकियाट्रिक, इंडियन फिजियाट्रिक सोसायटी, इंडियन टीचर्स ऑफ साइकियाट्रिक के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स के सीईओ अशोक जिंदल ने किया। आईएसएस के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. टीएसएस राव तथा चंदखुरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर से लगभग 120 मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सहभागिता की। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। इनमें स्विट्जरलैंड के प्रोफेसर नॉर्मन सार्टोरियस, यूनाइटेड किंगडम की प्रोफेसर स्वर्णा सिंह, ऑस्ट्रेलिया के प्रोफेसर एमेरिटस मोहन इसाक तथा इटली की डॉ. आयरीन बट्टाग्लिनी प्रमुख रूप से शामिल रहीं। सम्मेलन में मानव मन के विविध आयामों को समझने, व्यक्ति को उसके सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक संदर्भ में देखने तथा मानसिक स्वास्थ्य उपचार में मनोचिकित्सा की भूमिका को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। विभिन्न आयु वर्गों में मनोचिकित्सा के उपयोग और उसकी प्रभावशीलता पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

# सत्र 2026-27 में 100% परिणाम लाने शिक्षकों को प्रशिक्षण, माइंड मैपिंग व लो-कॉस्ट मैथेड पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

जिले के सरकारी स्कूलों में सत्र 2026-27 में मिशन उत्कर्ष 2.0 प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान सत्र से प्रारंभ हुए इस अभियान का उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में नतीजे सुधारना था। सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ग्रीष्मकालीन अवकाश में ही शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ताकि वे प्रथम दिवस से ही छात्रों को योजना अनुरूप अध्ययन करा सकें। इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं के व्याख्याताओं का पांच दिवसीय विषयवार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के 232 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रत्येक विषय के लिए चार-चार मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थिति में यह कार्यशाला संचालित की गई। प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप संशोधित ब्लूप्रिंट, 6 डोमेन आधारित प्रश्नपत्र निर्माण, ब्लूम्स टैक्सोनॉमी, छात्र-केंद्रित शिक्षण विधियों तथा एक्टिव लर्निंग तकनीकों पर विशेष फोकस किया गया। शिक्षकों को कठिन अवधारणाओं को सरल एवं रोचक तरीके से समझाने के लिए विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चा, माइंड मैप, लो-कॉस्ट टीएलएम और प्रायोगिक विधियों का अभ्यास कराया गया। छात्रों के दिमागी स्तर को समझकर उसके आधार पर कम लागत वाली योजना बनाने पर जोर दिया गया।

- सत्र 2025-26 में प्रारंभ किया गया था मिशन उत्कर्ष, अब 2.0 की शुरुआत
- 232 शिक्षकों ने लिया हिस्सा, स्कूल के पहले दिन से ही होगी मॉनिटरिंग



### विद्यार्थी के अनुसार हो शिक्षण तकनीक

शिक्षकों को प्रथम दिवस से ही 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम को लक्ष्य बनाकर कार्य करने और विद्यार्थियों के स्तरानुसार शिक्षण तकनीकों का उपयोग करने निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान सतत मूल्यांकन, पुनरावृत्ति रणनीतियों और व्यक्तिगत मार्गदर्शन पर भी विशेष बल दिया गया। अध्ययन-अध्यापन के दौरान आने वाली समस्याओं को भी सुना गया और उनके समाधान बताए गए। शिक्षकों ने अपने अनुभव भी साझा किए। गौरतलब है, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के मार्गदर्शन एवं मिशन उत्कर्ष की नोडल अधिकारी निशा शर्मा संचालन में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

### प्रश्न निर्माण और मूल्यांकन प्रणाली का विश्लेषण

अंग्रेजी, हिंदी, लेखाशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, जीवविज्ञान, भौतिक एवं रसायन शास्त्र विषयों में पाठ्यवस्तु की गहराई से समझ, प्रश्न निर्माण, मूल्यांकन प्रणाली तथा कमजोर विद्यार्थियों को मुख्यधारा में लाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस शिक्षकों द्वारा ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्नपत्र तैयार कर उसका विश्लेषण भी किया गया, जिससे उनकी व्यावहारिक समझ विकसित हो सके। समापन पर सीईओ जिला पंचायत ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया और शिक्षकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षण की उपयोगिता के बारे में जानकारी ली।

### रायपुर के साथ बिलासपुर, जगदलपुर फारेंसिक लैब में डीएनए जांच की सुविधा

# डीएनए से सुलझ रही अंधे कत्लों की गुत्थी, अनजान संदिग्ध जैसे अनसुलझे मामलों का हो रहा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंधे कत्ल, रोड एक्सीडेंट के साथ फैक्ट्री हादसा में क्षत विक्षत हो चुकी लाश की पहचान करने के साथ आरोपियों को सलाखों तक पहुंचाने पुलिस डीएनए रूपी चाबी का उपयोग कर रही है। दो वर्ष पूर्व बेमेतरा जिला के पिरदा गांव में स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड नामक फैक्ट्री में ब्लास्ट से दर्जनभर से ज्यादा मजदूरों की मौत हुई थी। विस्फोट से मजदूरों के चिथड़े उड़ गए थे। सभी मरने वाले मजदूरों की पहचान उनके डीएनए सैंपल के माध्यम से कर लाश परिजनों के सुपुर्द की गई थी।

देश में बीएनएस कानून लागू होने के बाद डीएनए सैंपल की जांच जो पूर्व में रायपुर फोरेंसिक लैब में थी, उसका दायरा बढ़ाकर बिलासपुर, जगदलपुर तक किया गया है। इस कारण किसी भी प्रकरण में डीएनए सैंपल की जांच रिपोर्ट पुलिस को तय समय पर मिल जाती है, इससे पुलिस को किसी भी अनसुलझी हत्या की गुत्थी सुलझाने मदद मिल रही है। रोड एक्सीडेंट में मारे गए अज्ञात के साथ जिनकी लाश क्षत विक्षत हो गई हो, ऐसे प्रकरणों की पुलिस डीएनए सैंपल कलेक्ट कर मृतक के अपने होने का दावा करने वाले लोगों के डीएनए सैंपल मिलान कर लाश परिजनों को सौंपने का काम करती है।



**केस 1**

#### पीएम के साथ डीएनए रिपोर्ट की मदद से बाप-बेटा गिरफ्तार

*खमतराई थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व जनवरी 2024 में एक महिला की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली थी, मृतका के पति तथा बेटा ने इसे आत्महत्या बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के शरीर पर 13 जगह चोट के निशान पाए गए और गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। मृतका के नाखूनों में फंसी हमलावर की चमड़ी के नमूनों का जब डीएनए टेस्ट कराया गया, तो वह मृतका के पति और बेटे से मैच हो गया। इसके बाद पुलिस ने डीएनए रिपोर्ट के आधार पर दोनों बाप बेटे को सितंबर 2025 में गिरफ्तार किया।*

**केस 2**

#### मां के डीएनए से मैच होने के बाद पति, देवर गिरफ्तार

*आरंग थाना क्षेत्र के अमोदी गांव में वर्ष 2022 में एक गुम महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने डीएनए सैंपल की मदद से सुलझाई थी। वर्ष 2018 में देवचंद कुर्रे ने थाना में अपनी पत्नी अनीता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला के नहीं मिलने पर पुलिस ने फाइल बंद कर दी। वर्ष 2019 में खदान की खुदाई के दौरान एक महिला का कंकाल मिला। चूड़ी तथा अन्य सामान के आधार पर कंकाल के अनीता कुर्रे का होने का अनुमान लगाया गया। इसके बाद पुलिस ने मृतका की मां तथा कंकाल का डीएनए रिपोर्ट मैच किया। डीएनए मैच होने के बाद पुलिस ने मृतका के पति से पूछताछ की, तो उसने अपनी पत्नी की हत्या का अपराध कबूल किया। पुलिस ने अनीता की हत्या के आरोप में उसके पति तथा देवर को गिरफ्तार किया।*

**केस 3**

#### चर्चित ट्रंक कांड में डीएनए की अहम भूमिका

*डीडीनगर थाना क्षेत्र के पिछले वर्ष जून में इंद्रप्रस्थ कालोनी में किशोर पैकरा की हत्या कर लाश ट्रंक तथा सूटकेस में भरकर फेंके जाने के मामले में पुलिस को हत्या की गुत्थी सुलझाने में सीसीटीवी फूटेज के साथ डीएनएन सैंपल प्रमुख आधार बना। किशोर की हत्या के आरोप में पुलिस ने अंकित उपाध्याय, उसकी पत्नी शिवानी शर्मा तथा दो अन्य को गिरफ्तार किया था। छत्तीसगढ़ पुलिस की जांच में डीएनए प्रोफाइलिंग अब एक अहम सबूत साबित हो रही है, जिसे हाल ही में बिलासपुर हाईकोर्ट ने भी सजा का मजबूत आधार माना है।*

### फोटोग्रॉफी के लिए तकनीकी कौशल नहीं, विजन और संवेदना जरूरी : प्रो. मनोज



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के मीडिया स्टूडेंस ने सोमवार को प्रख्यात फोटोग्रॉफर रघु राय को अपनी कक्षाओं में श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी दौरान केटीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल ने रघु राय के जीवन वृत्त और उनके रचनात्मक कार्यों को जनसंचार विभाग के छात्र-छात्राओं से साझा किया और उन्होंने कहा कि महान समकालीन भारतीय फोटोग्राफर रघु राय ने अपने कैरियर की शुरुआत 1960 के दशक में द-स्टेट्समैन से की। वे 1980 के दशक में इंडिया टुडे के डायरेक्टर ऑफ फोटोग्रॉफी रहे। इसी दौरान में मोबाइल फोन ने सभी को कैमरा उपलब्ध करा दिया है, लेकिन एक सार्थक तस्वीर के लिए 'विजन' का होना अनिवार्य है। उनकी फोटोग्राफी की सबसे बड़ी विशेषता उनका 'मानवीय दृष्टिकोण' है। इस अवसर पर उन्होंने रघु राय : पत्रकारिता में उनकी फोटोग्राफी के योगदान और उन्हें प्राप्त प्रतिष्ठित पुरस्कारों पर भी विस्तार से चर्चा की। रघु राय पर विशेष श्रद्धांजलि संदेश का प्रसारण रेडियो संवाद 90.8 एफएम और टीवी स्टूडियो के माध्यम से सोशल मीडिया में भी किया गया।

- केटीयू के छात्र-छात्राओं ने फोटोग्रॉफर दिवंगत रघु राय को दी श्रद्धांजलि

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का आकस्मिक निरीक्षण

**रायपुर।** एनएचएम के राज्य मिशन संचालक रणबीर शर्मा ने सोमवार को केंद्री गांव में चलाए जा रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान राज्य कार्यक्रम अधिकारी डा. एसके पामभोई, एवं डा. वीआर भगत मौजूद थे। मिशन संचालक ने इस दौरान मितानिनों और बिहान कार्यक्रम के क्लस्टर की महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने फाइलेरिया रोधी दवाओं के वितरण और सेवन की प्रक्रिया का बारीकी से मिलान किया।



### तहसील के सामने पार्किंग व्यवस्था चरमराई, हर दिन लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के तहसील दफ्तर और बीआरटीएस तत्पर सेंटर के सामने रोड पर हर दिन जाम की स्थिति बन रही है। तहसील दफ्तर के सामने एवं पुराना मंत्रालय की खाली जगह को पार्किंग स्थल बनाया गया है, जहां हर दिन सैकड़ों वाहन पार्क होते हैं। इस पार्किंग में तहसील, नर्सिंग दफ्तर, डीकेएस हॉस्पिटल, बीएनएनएस दफ्तर सहित आसपास के अन्य सरकारी दफ्तरों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा व्यावसायिक काम्पलेक्स में आने वाले लोग भी अपनी चौपहिया एवं दोपहिया वाहन यहां पार्क कर रहे हैं, जिसके कारण यहां अब पार्किंग की जगह ही छोटी पड़ने लगी है। इस कारण से कई वाहन चालक अब रोड पर ही बेतरतीब तरीके से वाहन पार्क करने लगे हैं। यहीं वजह है कि यहां हर दिन जाम की स्थिति बन रही है। रायपुर से नवा रायपुर के बीच चलने वाली बीआरटीएस तत्पर बस सेंटर का अंतिम स्टॉपेज भी यहीं है। इस स्टॉपेज में सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक बसों का आना-जाना लगा रहता है। वर्किंग समय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जब भी यात्री बस इस सेंटर से नवा रायपुर जाने के लिए निकलती है या फिर नवा रायपुर से यहां पहुंचती है।
















जीवेत शरदः शतम्
विकास, तरक्की और प्रगतिशील मूल्यों के लिए सदैव समर्पित हैं आप....
माननीय श्री
राजेश
मूणत जी
(पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक रायपुर पश्चिम विधानसभा)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
ATUL PUBLICITY
विनीत : समस्त भाजपा पार्षदगण